卐 श्री सदगुरू देवाय नम: 卐 卐ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धो: सलिलं सलीलं,य:शोकवह्निं जनकात्मजाया: आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 26 ♦अंक 80 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर ( ऊधमसिंहनगर ) ♦शुक्रवार ♦26 दिसम्बर 2025 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

## तेंदुए ने महिला को बनाया निवाला

### ग्रामीणों में भय का माहौल,वन विभाग ने शुरू की तलाशी और कार्रवाई

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। नैनीताल जिले के धारी ब्लॉक क्षेत्र में तेंदुए का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। शुक्रवार सुबह एक दर्दनाक घटना में तेंदुए ने ग्राम पंचायत दीनी तल्ली, तोक धुरा निवासी हेमा देवी पत्नी गोपाल सिंह को घर के पास से उठा कर जंगल में ले जाकर मौत के घाट उतार दिया, जिससे पूरे इलाके में दहशत का माहौल है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, हेमा देवी सुबह मवेशियों के लिए चारा लेने जंगल की ओर जा रही थीं। इसी दौरान घर के नजदीक घात लगाए बैठे तेंदुए ने उन पर हमला कर दिया और उन्हें घसीटते हुए जंगल की ओर ले गया। घटना के वक्त महिला के देवर ने तेंदुए को हेमा देवी को ले जाते हुए देखा। उन्होंने शोर मचाया और पत्थर फेंककर तेंदुए को भगाने की कोशिश की, लेकिन तेंदुआ महिला को नहीं छोड़ सका और जंगल की ओर फरार हो गया। सूचना मिलने पर ग्रामीण और परिजन जंगल में खोजबीन में जुट गए। कुछ समय बाद महिला का शव बरामद कर लिया गया। घटना के बाद पूरे क्षेत्र में भय का माहौल है और ग्रामीणों ने वन विभाग से तेंदुए को पकड़ने (शेष पृष्ठ सात पर)






## बेकाबू टैंकर ने कई वाहनों को मारी टक्कर

### पांच दोपहिया वाहन, टैम्पो सहित कई वाहन क्षतिग्रस्त

हल्द्वानी(उद संवादाता)। हल्द्वानी-नैनीताल रोड पर शीशमहल के समीप देर शाम एक भीषण सड़क हादसा होते-होते टल गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, नशे में बताए जा रहे एक ऑयल टैंकर चालक ने सड़क किनारे खड़ी कई गाड़ियों को टक्कर मार दी।हादसे में एक टेम्पो और पांच स्कूटी सहित अन्य वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। जानकारी के अनुसार, तेज रफ्तार टैंकर अनियंत्रित होकर पहले खड़ी वाहनों से टकराया, फिर उसका एक पहिया पेड़ तोड़ते हुए नहर में जा घुसा।गनीमत रही कि हादसे के समय वहां अधिक लोग मौजूद नहीं थे, अन्यथा बड़ा जनहानि का खतरा पैदा हो सकता था। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि एक टैंपो, पांच दोपहिया वाहन सहित कई वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए।पुलिस ने बताया कि हादसे की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचकर टैंकर चालक को हिरासत में ले लिया गया। चालक का मेडिकल परीक्षण कराया गया और पूरे मामले की जांच की जा रही है।



## साहिबजादों का बलिदान विश्व के इतिहास में अद्वितीय: धामी

### मुख्यमंत्री ने वीर बाल दिवस पर नैनीताल के मल्लीताल गुरुद्वारे में मत्था टेका

नैनीताल(उद संवाददाता)। नैनीताल के दो दिवसीय भ्रमण पर पहुंचे उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने वीर बाल दिवस के अवसर पर जिला मुख्यालय नैनीताल के मल्लीताल स्थित गुरुद्वारे में पहुंचकर मत्था टेका और दशमेश पिता गुरु गोविंद सिंह जी तथा उनके चारों वीर साहिबजादों–बाबा अजीत सिंह, बाबा जुझार सिंह, बाबा जोरावर सिंह और बाबा फतेह सिंह की महान शहादत को श्रद्धापूर्वक नमन किया।इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि गुरु गोविंद सिंह जी के चारों साहिबजादों का बलिदान न केवल भारतीय इतिहास, बल्कि सम्पूर्ण विश्व इतिहास में साहस, धर्मनिष्ठा, त्याग और अदम्य वीरता का अनुपम उदाहरण है। अल्पायु में ही धर्म, सत्य और न्याय की रक्षा के लिए उन्होंने जिस अद्वितीय साहस का परिचय दिया, वह आने वाली (शेष पृष्ठ सात पर)







## मॉर्निंग वॉक पर निकले मुख्यमंत्री धामी,व्यवस्थाओं का लिया जायजा

नैनीताल(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी अपने दो दिवसीय नैनीताल दौरे के दौरान आज सुबह मॉर्निंग वॉक पर निकले। इस दौरान उन्होंने पुलिस



एवं प्रशासनिक अधिकारियों के साथ शीतकालीन यात्रा और नए वर्ष के दृष्टिगत पर्यटकों की सुविधा के लिए की गई व्यवस्थाओं व यातायात प्रबंधन का विस्तृत निरीक्षण किया। समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों (शेष पृष्ठ सात पर)

## मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी 28 को रूद्रपुर में

### सिख गुरू की शहादत पर आधारित नाटक का होगा भव्य मंचन

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। शहर के गंगापुर रोड स्थित जेसीज पब्लिक स्कूल के ऑडीटोरियम में गुरुद्वारा श्री गुरु सिंघ सभा व स्थानीय सिख युवाओं के सहयोग से नाटक 'धर्म की चादर' का मंचन 28 दिसंबर को किया जायेगा। श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी के जीवन सार और अनोखी शहादत पर आधारित यह नाटक मंचन तालगुरु प्रोडक्शंस चंडीगढ़ द्वारा निर्देशित है। आयोजकों ने बताया कि हाल ही में दिल्ली के लालकिले पर भी और देश भर के कई प्रांतों में इस नाटक को दर्शाया जा चुका है। चंडीगढ़ से लगभग 20 कलाकारों की एक टीम इस पेशकश के लिए रुद्रपुर आ रही है। जेसीज पब्लिक स्कूल के ऑडिटोरियम में यह कार्यक्रम दोपहर 1:30 बजे आरम्भ होगा। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे। साथ ही उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री बल्देव सिंह औलख और रुद्रपुर के मेयर विकास शर्मा अति विशिष्ट अतिथि रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता काशीपुर के पूर्व विधायक सरदार हरभजन सिंह चीमा जी करेंगे। जबकि विधायक शिव अरोड़ा, विधायक तिलकराज बेहड़ और दिल्ली सिक्ख गुरुद्वारा कमेटी (शेष पृष्ठ 7 पर)



## दुकान से सोने की चेन लूटकर भागा आरोपी गिरफ्तार

रुद्रपुर । मुख्य बाजार में हरि मंदिर गली स्थित सोनी ज्वेलर्स प्रतिष्ठान से सोने की चेन छीनकर फरार होने की घटना का पुलिस ने अनावरण कर दिया है। कोतवाली पुलिस ने मामले में अभियुक्त को गिरफ्तार कर चोरी की गई सोने की चेन बरामद कर ली है। पुलिस के अनुसार 11 अप्रैल 2025 को एक अज्ञात व्यक्ति द्वारा सोने की चेन खरीदने के बहाने दुकान में प्रवेश किया गया। आरोपी चेन को गले में पहनकर अचानक मौके से फरार हो गया। इस संबंध में पीड़ित राकेश जड़िया की तहरीर पर थाना रुद्रपुर में मुकदमा दर्ज किया गया था। मामले की जांच के दौरान थाना रुद्रपुर पुलिस ने तकनीकी एवं मानवीय सुरागरसी के आधार पर अभियुक्त अंकित कुमार पुत्र गिरधारी लाल, निवासी ग्राम पदमी, पोस्ट बाली, थाना शीशगढ़, जिला बरेली (उत्तर प्रदेश) को मानपुर ओझा रोड, बिलासपुर, जिला रामपुर से गिरफ्तार कर लिया। अभियुक्त के कब्जे से सोने की चेन बरामद कर ली गयी है। पूछताछ के दौरान आरोपी ने अपराध स्वीकार किया। पुलिस जांच में यह भी सामने आया है कि (शेष पृष्ठ सात पर)



## आवारा जानवर से टकराकर बाईक सवार युवक की मौत

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। साथी के साथ बाईक पर सवार होकर ड्यूटी को जा रहे युवक की मार्ग में आवारा जानवर से टक्कर हो गई। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों द्वारा उसे उपचार के लिए चिकित्सालय ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना से मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना मिलने पर पुलिस ने शव अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। जानकारी के अनुसार ग्राम चन्दननगर दिनेशपुर निवासी 21 वर्षीय अनुपम सरकार पुत्र दीपक अशोक लीलेंड कम्पनी में काम करता था। बताया जाता है कि अनुपम आज प्रात: करीब साढ़े पांच बजे अपने एक साथी के साथ बाईक पर सवार होकर घर से ड्यूटी के लिए रवाना हुआ। जब वह ग्राम जयनगर के पास स्थित पैट्रोल पम्प के समीप पहुंचा जो अचानक सामने से आवारा जानवर आ गया। जिससे अनुपम बाईक पर से नियंत्रण खो बैठा और बाईक तेज गति से जानवर से जा टकराई। इस दुर्घटना में अनुपम गंभीर रूप से घायल हो गया जबकि उसके साथी को मामूली चोटें आई। अनुपम को उपचार के लिए तत्काल चिकित्सालय (शेष पृष्ठ सात पर)

## चार साहिबजादों का बलिदान सभी के लिए प्रेरणादायी:भट्ट

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। मुगल शासकों के अत्याचार के खिलाफ संघर्ष करते गुरू गोबिन्द सिंह महाराज के चार साहिबजादों का बलिदान हमेशा देशवासियों के लिए प्रेरणास्त्रोत रहेगा। यह बात सांसद अजय भट्ट ने चार साहिबजादों के वीर बाल दिवस पर आवास विकास स्थित चार साहिबजादे चौक में आयोजित श्रद्धांजलि व चित्र प्रदर्शनी कार्यक्रम में शामिल होकर उपस्थित जनसमूह को सम्बोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि चारों साहिबजादों ने धर्म की रक्षा के लिए अपना सिर नहीं झुकाया और स्वयं को धर्म और देश के लिए कुर्बान कर दिया। श्री भट्ट ने कहा कि मुगल शासन के अत्याचारों के खिलाफ संघर्ष करते हुए गुरू गोविन्द सिंह जी के दो पुत्र अजीत सिंह और जुझार सिंह बलिदान हुए थे। जबकि दो पुत्रों (शेष पृष्ठ सात पर)





# राज्य के समग्र विकास के लिए सरकार संकल्पबद्ध : धामी

## सीएम ने नैनीताल में 121.52 करोड़ की योजनाओं का किया लोकार्पण व शिलान्यास

नैनीताल(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने नैनीताल में 121 करोड़ 52 लाख 46 हजार रुपये की लागत के 13 विकास कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। 42 करोड़ 77 लाख 31 हजार रुपये की लागत से बनने वाली बहु प्रतीक्षित मेट्रोपोल सर्फेस पार्किंग का भूमि पूजन किया गया जिसमें 30 करोड़ 66 लाख रुपए की लागत के दो योजनाओं का लोकार्पण किया तथा 90 करोड़ 86 लाख 46 हजार रूपये की लागत के 11 शौचालय ब्लॉक का निर्माण व विकसित स्थल पर प्रवेश हेतु मुख्य मार्ग से लगते हुए लिफ्ट एवं ट्रांजिट भवन का निर्माण एवं झील के चारों तरफ पैदल पथ का निर्माण कराया गया। इसके अतिरिक्त 1 करोड़ 50 लाख रूपये की लागत से हल्द्वानी में जिला खनिज न्यास योजना अंतर्गत स्वीकृत कालाढूंगी रोड स्थित राजकीय बालिका इंटर कॉलेज हल्द्वानी में पुस्तकालय के संरचनात्मक दृढ़ता एवं पुनरुद्धार का कार्य कराया गया। इस दौरान मुख्यमंत्री द्वारा जिले के विभिन्न क्षेत्रों के सामाजिक आर्थिकी में सुधार आएगा। नैनीताल जिला मुख्यालय में 34 करोड़ 3 लाख 13 हजार रुपये की लागत से नेशनल होटल तल्लीताल में प्राधिकरण की कार पार्किंग से लगती नगर पालिका की भूमि पर ऑटोमेटेड मैकेनाइज्ड मल्टीलेवल पार्किंग का निर्माण किया जाएगा, जिसमें 202 चार पहिया एवं 96 दो पहिया वाहनों हेतु पार्किंग का निर्माण किया जाएगा। पार्किंग निर्माण से जन सामान्य में पर्यटकों को पार्किंग सुविधा का लाभ मिलेगा। रामनगर में 38 करोड़ 57 पेयजल से जुड़े राजकीय नलकूपों से 62 आर0जी0 ग्राम शंकरपुर में एक सर्वो वोल्टेज स्टेबलाइजर की स्थापना की जाएगी जिससे क्षेत्र में लो वोल्टेज की समस्या का समाधान होगा। रामनगर में 10 लाख 29 हजार रुपये की लागत से जिला खनन न्यास निधि के अंतर्गत विकासखंड रामनगर के पेयजल से जुड़े राजकीय नलकूपों से 17 आर0जी0 ग्राम जोगीपुरा में एक सर्वो वोल्टेज स्टेबलाइजर की स्थापना की जाएगी जिससे क्षेत्र में लो वोल्टेज की समस्या का समाधान होगा। विधानसभा लालकुआं अंतर्गत 4 करोड़ 4 लाख 33 हजार रुपए की लागत से 14 विद्यालयों एवं 1 आंगनबाड़ी केंद्र की मरम्मत एवं निर्माण का कार्य किया जाएगा, जिससे छात्र-छात्राओं को बेहतर पठन पाठन व सुविधा का लाभ मिलेगा। विधानसभा कालाढूंगी में 2 करोड़ 8 लाख 85 हजार की लागत से पांच विद्यालयों, एक सड़क निर्माण, एक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तथा एक उपकेंद्र के मरम्मत व निर्माण के कार्य किए जाएंगे। विधानसभा रामनगर के अंतर्गत 78 लाख 22 हजार की लागत से सृजित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार राज्य में निरंतर आधारभूत जनसुविधाओं को और अधिक सुदृढ़ करने, अंतिम छोर में खड़े व्यक्ति को सरकारी योजनाओं का लाभ प्रदान करने हेतु निरंतर संकल्पबद्ध है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड सरकार राज्य के समग्र विकास के लिए निरंतर कार्य कर रही है ताकि आम जनता को इसका सीधा लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि आज जिन योजनाओं का शिलान्यास हुआ है यह सभी कार्य समय बद्धता एवं





योजनाओं का शिलान्यास किया गया। लोकार्पण योजनाओं में 29 करोड़ 16 लाख की लागत से सूखाताल झील को रिचार्जिंग जोन एवं टूरिस्ट डेस्टिनेशन प्वाइंट के रूप में विकसित किया गया जिसके अंतर्गत सूखाताल झील का संवर्धन एवं सौंदर्यीकरण का कार्य कराया गया। योजना अंतर्गत स्थल पर दो झीलों का निर्माण व उनके मध्य डक्ट का निर्माण, झील में पानी की शुद्धता हेतु एयरेशन प्लांट की स्थापना, 9 दुकानों का निर्माण, विकास हेतु कुल 11 योजनाओं का शिलान्यास भी किया जिसमें 9 करोड़ 63 लाख 9 हजार रूपये की लागत से जनपद नैनीताल के विधानसभा क्षेत्र नैनीताल के विकासखंड बेतालघाट में दूनीखाल से रातीघाट पाडली मोटर मार्ग के किलोमीटर 11 में 74.15 मीटर स्थान के प्री स्ट्रेस सेतु (मोटर पुल) का निर्माण किया जाएगा, जिससे क्षेत्र में सुगम आवागमन, आध्यात्मिक पर्यटन को बढ़ावा मिलने के साथ ही क्षेत्र की लाख 64 हजार रुपए की लागत से माननीय मुख्यमंत्री की घोषणा रामनगर पुरानी तहसील की खाली भूमि पर बहु मंजिला पार्किंग निर्माण किया जाएगा। पार्किंग स्थल पर 343 वाहनों हेतु पार्किंग सुविधा एवं 16 दुकानों का निर्माण कार्य किया जाएगा जिससे क्षेत्र वासियों एवं पर्यटकों को वाहन पार्किंग की सुविधा मिलेगी। रामनगर में 10 लाख 29 हजार की धनराशि से जिला खनन न्यास निधि के अंतर्गत विकासखंड रामनगर के जनपद नैनीताल के विकासखंड बेतालघाट में 60 लाख 57 हजार रुपये की लागत से ग्राम अमेल में नलकूप के स्थान 1 लिफ्ट सिंचाई योजना का निर्माण किया जाएगा, जिससे किसानों की सिंचाई का समाधान होगा। विधानसभा हल्द्वानी में 61 लाख 23 हजार रुपए की लागत से चार विद्यालयों की मरम्मत एवं निर्माण का कार्य किया जाएगा। जिससे छात्र-छात्राओं को अधिक सुरक्षित व स्वच्छ माहौल एवं पठन-पाठन में सुविधा मिलेगी। विधानसभा 4 विद्यालयों में मरम्मत व निर्माण के कार्य किए जाएंगे।जिले के गोला नदी के दानीजाला में 28 लाख ब्याज 82 हजार रुपए की लागत से रिवर क्रॉसिंग केबल का निर्माण कार्य कराया जाएगा। जिससे स्थानीय लोगों को लाभ मिलेगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि यह सभी विकास कार्य जनपद नैनीताल के आधारभूत ढांचे को मजबूत करने,पर्यटन सुविधाओं को बढ़ाने, जनोपयोगी विकास कार्यों को आगे बढ़ाने तथा रोजगार के नए अवसर गुणवत्ता युक्त हों इसका विशेष ध्यान रखा जाय। इस अवसर पर माननीय विधायक नैनीताल सरिता आर्या, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट, उत्तराखंड सरकार में दायित्व धारी डॉ अनिल कपूर डब्बू, दिनेश आर्या, नवीन वर्मा, मंडी परिषद के सलाहकार सदस्य मनोज जोशी, आयुक्त कुमाऊँ व सचिव मुख्यमंत्री दीपक रावत, जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ मंजूनाथ टी सी सहित विभिन्न जनप्रतिनिधि आदि मौजूद रहे।

# मकरंदपुर में किया टीन शेड का शिलान्यास

## विधायक ने 25 लाख रुपये की लागत से निर्माण कार्य का किया शुभारम्भ

रुद्रपुर। रुद्रपुर विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों की गति को और तेज करते हुए विधायक शिव अरोरा ने ग्राम सभा बरिराई के मकरंदपुर क्षेत्र में स्थानीय लोगों की 20 साल पुरानी आकार काफी बड़ा है और यहां बंगाली समाज के धार्मिक व सामाजिक आयोजन के लिए बड़ा शेड नहीं था। इससे पहले लोग अस्थायी व्यवस्थाओं पर निर्भर रहते



मांग को पूरा किया। विधायक ने 25 लाख रुपये की लागत से सार्वजनिक स्थल पर बनने वाले विशाल टीन शेड का नारियल फोड़कर शिलान्यास किया। इस अवसर पर विधायक शिव अरोरा ने कहा कि मकरंदपुर क्षेत्र का थे और बारिश के मौसम में कई बार नुकसान और कार्यक्रमों में बाधा उत्पन्न होती थी। उन्होंने कहा कि अब यह टीन शेड बनने के बाद धार्मिक कथाएँ, भंडारे, शादी विवाह और अन्य सामाजिक कार्यक्रम व्यवस्थित रूप से संपन्न होंगे। विधायक शिव अरोरा ने कहा कि उनका प्रयास हमेशा जनभावनाओं के अनुरूप कार्य करने का रहा है। उनके कार्यकाल में सड़कों के निर्माण और अन्य विकास कार्यों को भी गति दी गई है। मकरंदपुर टीन शेड निर्माण कार्य लंबे समय से प्रतीक्षित था, लेकिन अब इसे विधायक शिव अरोरा के प्रयासों से साकार किया गया है। उन्होंने कहा कि यह शेड भविष्य में क्षेत्र के लोगों के लिए बेहद उपयोगी साबित होगा। कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख ज्योति ग्रोवर, पूर्व मंडी चेयरमैन प्रीत ग्रोवर, किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष राजेश बजाज, बीडीसी मिथलेश चौधरी, प्रधान महेंद्र सैनी, मंडल अध्यक्ष भाजपा सुदर्शन विश्वास, आयुष चिलाना, इंदरपाल सिंह, बाबू राम सैनी, अंजना मंडल, उत्तम मंडल, मनु चौधरी, पंकज सरदार, उत्तम राय, आदित्य मंडल, सुभाकर मंडल सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# श्रद्धा के साथ मना श्री श्री ठाकुर अनुकुलचंद्र का जन्मोत्सव

शक्तिफार्म। नगर में श्री श्री ठाकुर अनुकुलचंद्र का 138वां जन्मोत्सव मैत्री विभा महोत्सव के रूप में श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर धार्मिक, सामाजिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला आयोजित की गई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने सक्रिय सहभागिता की। मुख्य सभा को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने ठाकुर अनुकुलचंद्र के जीवन दर्शन और उनके सामाजिक विचारों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि ठाकुर अनुकुलचंद्र ने समाज निर्माण में मातृत्व को सर्वोच्च स्थान दिया। उन्होंने उल्लेख किया कि "मां ही बच्चे की पहली गुरु होती है, इसलिए एक संस्कारित और सशक्त समाज की नींव माताओं के संस्कारों पर टिकी होती है।" सभा में ठाकुर अनुकुलचंद्र के अमूल्य वचनों 'जीवन का उद्देश्य मनुष्य बनना है, केवल जीना नहीं' को वर्तमान समय में अत्यंत प्रासंगिक बताया गया। वक्ताओं ने कहा कि उनका दर्शन व्यक्ति को चरित्रवान, कर्तव्यनिष्ठ और समाजोपयोगी बनने की प्रेरणा देता है। इस अवसर पर आंचलिक उत्सव कमेटी अध्यक्ष सूरज देवनाथ, रवि मजूमदार, तपन मंडल, उत्तम दास, सुजीत मजूमदार, सुब्रत दास, बांकेश सरदार, हराधन शाह, हराधन साना, दिलीप सरकार, अनूप राय, समर देवनाथ, अरुण मंडल, पंचानन मंडल, संजय हालदार, तापस दास, त्रिनाथ विश्वास, सब्यसाची हालदार, उमाशंकर बनर्जी, नंदलाल मजूमदार, महेंद्र सरकार, संजीत मिस्त्री, जितेंद्र मंडल, श्रीपति विश्वास सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु और गणमान्य लोग उपस्थित रहे।



# क्रिसमस, तुलसी पूजन व सुशासन दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

रुद्रपुर(उद संवाददाता)।क्रिसमस डे, तुलसी पूजन दिवस एवं सुशासन दिवस के पावन अवसर पर दुर्गा विहार कॉलोनी, रुद्रपुर में महिला एवं सामाजिक जागरूकता कल्याण समिति के तत्वावधान में एक प्रेरणादायी एवं उल्लासपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बच्चों, अभिभावकों एवं महिलाओं की बड़ी संख्या में सहभागिता रही।कार्यक्रम की मुख्य वक्ता डॉ. उषा नरेंद्र जैन ने बदलते समय में बच्चों और अभिभावकों की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा कि डिजिटल युग में बच्चों को मोबाइल के अत्यधिक उपयोग से बचाकर पढ़ाई, खेलकूद एवं संस्कारों से जोड़ना



आवश्यक है। उन्होंने अभिभावकों से बच्चों के साथ समय बिताने तथा संवाद को सशक्त बनाने का आह्वान किया।कार्यक्रम के दौरान क्रिसमस डे के अवसर पर ईसा मसीह के प्रेम, सेवा और करुणा के संदेश को साझा किया गया। वहीं तुलसी पूजन दिवस के माध्यम से स्वास्थ्य, पर्यावरण संरक्षण और भारतीय संस्कृति के महत्व पर प्रकाश डाला गया। सुशासन दिवस के अंतर्गत पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई जी के विचारों को स्मरण करते हुए सुशासन, ईमानदारी और जिम्मेदारी के महत्व पर चर्चा की गई।इस अवसर पर समिति की सदस्य रेनू सक्सेना ने संता क्लॉज की भूमिका निभाते हुए बच्चों को उपहार वितरित किए, जिससे बच्चों में विशेष उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम का संचालन समिति की उपाध्यक्ष राधा सुभाष ने कुशलतापूर्वक किया।कार्यक्रम में सुमन तिवारी, लीलावती अधिकारी, सुनीता सैनी, अनीता देवी, नीरमति देवी, दुर्गावती, रूपा, सुशीला गौतम, शालिनी पांडे, रमा पांडे सहित सैकड़ों महिलाओं की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं एवं बच्चों ने 'जिंगल बेल' गीत पर सामूहिक नृत्य कर वातावरण को और भी आनंदमय बना दिया।अंत में सभी उपस्थित लोगों के लिए जलपान की व्यवस्था की गई तथा बच्चों में अच्छे संस्कार विकसित करने, मोबाइल के संतुलित उपयोग और समाज में सकारात्मक वातावरण बनाए रखने का संकल्प लिया गया।

# मंगलवार को मीट दुकानें बंद रखने के फैसल पर हिंदु रक्षा दल ने महापौर को किया सम्मानित

रूद्रपुर। शहर में मीट मांस की दुकानें मंगलवार को बंद रखने के फैसले पर हिंदू रक्षा दल के कार्यकर्ताओं ने नगर निगम पहुंचकर इस फैसले के लिए महापौर विकास शर्मा का जोरदार अभिनंदन किया और उन्हें सम्मानित किया। इस दौरान जय श्री राम, मुख्यमंत्री धामी जिंदाबाद और महापौर विकास शर्मा जिंदाबाद के नारों से नगर निगम परिसर गूंज उठा।बता दें महापौर विकास शर्मा के निर्देश पर नगर निगम ने शहर में मीट और मछली विक्रेताओं के लिए एसओजी जारी की है। जिसके तहत प्रत्येक सप्ताह मंगलवार को मीट मछली की दुकानें बंद रखने का नियम बनाया गया है इसके अलावा जनहित में मीट विक्रेताओं के लिए कई अन्य नियम भी बनाये गये हैं। मंगलवार को मीट दुकानें बंद रखने के फैसले से हिंदुवादी संगठनों में खुशी की लहर है। इसी को लेकर गुरूवार को हिंदू रक्षा दल के अध्यक्ष राजा भारद्वाज के नेतृत्व में बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने नगर निगम पहुंचकर महापौर विकास शर्मा का आभार व्यक्त किया और इस फैसले के लिए उनका जोरदार स्वागत करते हुए सम्मानित किया। इस दौरान मेयर और मुख्यमंत्री धामी के सम्मान में नारे लगाये गये। इस दौरान संस्था के पदाधिकारियों ने खेड़ा में ईदगाह की आड़ में कब्जा की गयी सरकारी भूमि को खाली कराने पर भी महापौर का आभार व्यक्त किया और उक्त जगह के शुग्किरण के लिए हनुमान चालीसा का पाठ करने की अनुमति मांगी।इस दौरान हिंदू रक्षा दल के अध्यक्ष राजा भारद्वाज ने कहा कि महापौर विकास शर्मा ने मंगलवार को मीट की दुकानें बंद रखने का फैसला लेकर हिंदुओं की धार्मिक भावनाओं का सम्मान किया है। उन्होंने कहा कि रूद्रपुर में पहली बार किसी जनप्रतिनिधि ने इस तरह का फैसला लिया है। उन्होंने कहा कि पूरे उत्तराखण्ड में शायद रूद्रपुर पहला शहर है जहां पर अब नये साल से मंगलवार को मीट की दुकानें बंद रहेंगी। उन्होंने कहा यह निर्णय महापौर विकास शर्मा की सनातन संस्कृति के प्रति अटूट आस्था का



परिचायक है ।इस अवसर पर महापौर विकास शर्मा ने कहा कि उत्तराखण्ड देवभूमि है, जिस तरह से मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी यहां की पवित्रता और डेमोग्राफी से छेड़छाड़ करने वालों को सबक सिखाने का काम कर रहे हैं उसी तरह रूद्रपुर में भी अब धार्मिक भावनाओं से खिलवाड़ नहीं होने दिया जायेगा। उन्होंने कहा कि मंगलवार को मीट मांस की दुकानों को बंद करने की पीछे लोगों की धार्मिक आस्था जुड़ी है। इसी लिए नगर निगम ने मीट विक्रेताओं के लिए एसओपी जारी की है। इस एसओपी में मीट विक्रेताओं के लिए स्वच्छता को लेकर भी नियम बनाये गये हैं। नियमों की अनदेखी करने वालों पर जुर्माना और दुकान सील करने की कार्रवाई का प्रावधान किया गया है।महापौर ने कहा कि रूद्रपुर को उसके नाम के अनुरूप धार्मिक पहचान दिलाने के लिए नगर निगम लगातार प्रयास कर रहा है। भगवान रूद्र के नाम से बसे इस शहर के प्रवेश द्वार इंदिरा चौक पर त्रिशूल की स्थापना जल्द होने जा रही है। इसके अलावा डीडी चौक पर भगवान शिव का डमरू लगने जा रहा है। इसे अलावा अन्य चौराहों पर भी इसी तरह के धार्मिक प्रतीक लगाकर शहर को धार्मिक स्वरूप प्रदान किया जायेगा। महापौर ने कहा कि शहरवासियों की धार्मिक आस्था से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। उन्होंने कहा कि जो लोग यहां पर डेमोग्रैफी को बदलने का प्रयास कर रहे हैं, उनक पर नगर निगम सख्त कार्रवाई करेगा। उन्होंने कहा कि धार्मिक स्थलों की आड़ में सरकारी जमीनों पर कब्जे नहीं होने दिया जायेगा। अतिक्रमण कारी चाहे कोई भी हो उसके बख्शा नहीं जायेगा। इस अवसर पर संगठन के प्रदेश महामंत्राी अनूप दत्ता,सुमित गुप्ता, राजा भारद्वाज, गिरीश राठौर, अजीत सक्सेन, पार्षद राजेन्द्र राठौर, पंकज कश्यप, रोहित, बॉबी भारद्वाज, आदि सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

# जाट समाज ने दी श्रद्धांजलि

रुद्रपुर। गिल रिजॉर्ट, रुद्रपुर में उत्तराखंड जाट महासभा, रुद्रपुर के तत्वाधान में पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न चौधरी चरण सिंह के जन्मोत्सव और अजय महाराजा सूरजमल की पुण्यतिथि के अवसर पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में एसओजी इंस्पेक्टर विकास चौधरी उपस्थित रहे। इस अवसर पर उत्तराखंड जाट महासभा की नई कार्यकारिणी के प्रमुख सदस्यों चौधरी योगेंद्र सिंह सहरावत (अध्यक्ष), चौधरी पुष्पेंद्र सिंह (महासचिव) और चौधरी सचिन देशवाल (कोषाध्यक्ष) ने शपथ ग्रहण की। इसके अतिरिक्त सेवा से सेवानिवृत्त चौधरी शिवनाथ सिंह राठी, चौधरी चंद्रपाल सिंह और चौधरी अजय प्रताप सिंह तथा 70 वर्ष से अधिक आयु के समाज के वरिष्ठ नागरिकों और मेधावी छात्रों को सम्मानित किया गया।



# वायरल वीडियो प्रकरण में पुलिस का त्वरित एक्शन, आरोपी हिरासत में

काशीपुर/रूद्रपुर। काशीपुर क्षेत्र में सोशल मीडिया पर वायरल हुए एक वीडियो के मामले में ऊधमसिंहनगर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मुकदमा दर्ज कर आरोपी युवकों को हिरासत में ले लिया है। वीडियो में कुछ स्थानीय युवकों द्वारा कश्मीर निवासी युवक बिलाल, जो लंबे समय से उत्तराखंड में निवास कर रहा है, के साथ अभद्रता एवं दुर्व्यवहार करते हुए देखा गया था। जानकारी के अनुसार 24 दिसंबर को उक्त वीडियो इंस्टाग्राम पर वायरल हुआ था। पुलिस जांच में यह घटना 22 दिसंबर 2025 की पाई गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मणिकांत मिश्रा ने प्रकरण का तत्काल संज्ञान लिया। वीडियो की संभावित साम्प्रदायिक संवेदनशीलता को



ध्यान में रखते हुए पुलिस द्वारा संबंधित सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म से वीडियो हटवाने की त्वरित कार्रवाई की गई, ताकि किसी भी प्रकार की अफवाह या तनावपूर्ण स्थिति उत्पन्न न हो। 25 को पीड़ित युवक बिलाल कोतवाली काशीपुर पहुंचा और घटना के संबंध में लिखित तहरीर दी। तहरीर के आधार पर कोतवाली काशीपुर में मुकदमा पंजीकृत किया गया। पुलिस द्वारा वायरल वीडियो में दिखाई दे रहे युवकों की पहचान कर उन्हें पुलिस हिरासत में ले लिया गया है। मामले की निष्पक्ष एवं गहन विवेचना की जा रही है तथा दोषियों के विरुद्ध कठोर वैधानिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मणिकांत मिश्रा ने कहा कि जनपद में कानून व्यवस्था एवं सामाजिक सौहार्द को प्रभावित करने वाले किसी भी कृत्य को किसी भी स्तर पर सहन नहीं किया जाएगा। जनपद पुलिस शांति और सुरक्षा बनाए रखने के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध है। पुलिस ने आम जनता से अपील की है कि किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें और भड़काऊ या असत्य सामग्री को सोशल मीडिया पर साझा न करें।

# सिडकुल की कंपनी में बीस बेरोजगारों को मिला रोजगार, सौंपे नियुक्ति पत्र

गुलरभोज(उद संवाददाता)।नगर पंचायत कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम के दौरान सिडकुल की एक कंपनी के अधिकारियों की उपस्थिति में नगर पंचायत अध्यक्ष सतीश चुग द्वारा 20 बेरोजगार युवाओं को नौकरी के नियुक्ति प्रमाण पत्र वितरित किए गए। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष सतीश चुग ने कहा कि युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराना नगर पंचायत की प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होंने कहा कि स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर सृजित कर बेरोजगारी को कम करने की दिशा में निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। सिडकुल की कंपनियों के सहयोग से युवाओं को उनके कौशल के



अनुरूप रोजगार उपलब्ध कराया जा रहा है। सिडकुल कंपनी के अधिकारियों ने भी युवाओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि चयनित अभ्यर्थियों को कार्यस्थल पर आवश्यक प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा, जिससे वे अपने कार्य को कुशलता से संपन्न कर सकें। कार्यक्रम में सभासद शैलेंद्र कुमार, दिनेश कुमार, बलराम मंडल, इंदर सिंह राठौड़, भूपेंद्र आर्य, राजेंद्र सिंह, नरेश घरामी, गोविंद राजभर, रवि सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# टाटा मोटर्स की टीम ने बच्चों के साथ बिताया यादगार दिन

रुद्रपुर। जन कल्याण एवं बाल विकास संस्था द्वारा संचालित स्टार्ट इंस्टिट्यूट में आज टाटा मोटर्स क्वालिटी विभाग की टीम ने बच्चों के साथ विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया गया और बच्चों ने स्वागत गीत प्रस्तुत कर टाटा मोटर्स की टीम का स्वागत किया। संस्थान की डायरेक्टर और क्लिनिकल साइकोलॉजिस्ट डॉ. माधवी अवस्थी ने टीम को संस्थान की गतिविधियों




और बच्चों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इसके बाद बच्चों ने टीम के सदस्यों से परिचय प्राप्त किया। कार्यक्रम में बच्चों को एक्टिविटी गेम्स और शारीरिक व्यायाम से जोड़ा गया। टाटा मोटर्स की टीम ने बच्चों को स्वस्थ रहने के लिए एक्सरसाइज साइकिल, जिम बॉल, डंबल, वेट काफ, ब्रिक्स और रोलर उपहार स्वरूप प्रदान किए। यह सामाजिक पहल श्री प्रीतम मोटीला और श्रीमती विंध्यवासिनी के कॉरपोरेट सोशल रिस्पांसिबिलिटी (सीएसआर) सहयोग से आयोजित की गई। संस्थान और टाटा मोटर्स की टीम ने इस अवसर पर दोनों प्रायोजकों का धन्यवाद किया। कार्यक्रम में धर्मेंद्र शुक्ला, विक्रम पोखरिया, देवेश चक्रवर्ती, अनिल मलिक, सुमित गुप्ता, संजीव मिश्रा, तुलसी, भगवती बगड़वाल, मीनाक्षी, ज्योति मेहरा, बबीता अरुण राजपूत व अभिभावक उपस्थित रहे।

# अटल स्मृति व वीर बाल दिवस पर आयोजित होंगे अनेक कार्यक्रम

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। भारतीय जनता पार्टी द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म शताब्दी वर्ष पर अटल स्मृति वर्ष व गुरू गोबिन्द सिंह जी के साहबजादे बाबा जोरावर सिंह व बाबा फतेह सिंह के सर्वोच्च बलिदान और वीरता को याद करने के लिए समर्पित वीर बाल दिवस के निमित जिला कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसका शुभआरम्भ दीप प्रज्वलन व वंदेमातरम गान के साथ हुआ। कार्यशाला की अध्यक्षता करते हुए जिलाध्यक्ष प्रताप सिंह बिष्ट ने उपस्थित कार्यकर्ताओं से पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के योगदानो को याद करते हुए उनके शताब्दी वर्ष में अधिकाधिक कार्यक्रम किये जाने पर जोर दिया साथ ही पार्टी पदाधिकरियो से उत्तराखण्ड में चल रहे प्री एसआईआर अभियान में सक्रियता से जुड़ने को कहा। उन्होंने उत्तराखण्ड सरकार द्वारा न्याय पंचायत स्तर में चलाए जा रहे जन जन की सरकार जन जन के द्वार कार्यक्रम में अधिकाधिक लोगो के साथ प्रतिभाग करने का आवाहन किया। जिला सह-प्रभारी व प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीपाल राणा ने सम्पूर्ण जिले से आए पदाधिकारियो का व्रत लिया।कार्यशाला में मुख्यवक्ता के तौर पर पहुंचे पूर्व प्रदेश महामंत्री खिलेन्द्र चौधरी ने दोनो कार्यक्रमो के बारे में विस्तार से बताया। उन्होने कहा कि दोनो साहबजादो का सनानत धर्म के लिए दिया गया सर्वोच्च बलिदान सम्पूर्ण देश हमेशा याद रखेगा व उनका ऋणि रहेगा। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के योगदानो को याद करते हुए उन्होने बताया कि उन्ही के कालखण्ड में देश में किसान क्रेडिट कार्ड आधारभूत क्षेत्र में स्वर्णित चतुरभुज योजना उन्नत दूरसंचार नीति व पोखरण परीक्षण जैसे ऐतिहासिक कार्य हुए। श्री बाजपेयी ने उत्तराखण्ड वासियो




को पृथक राज्य का तोहफा प्रदान किया व नवोदित राज्य को विशेष पैकेज से नवाज कर अपने पैरो में खड़ा किया।श्री चौधरी ने अटल स्मृति वर्ष के दौरान सभी विधानसभा क्षेत्रों में 25 से 31 दिसम्बर के मध्य अटल स्मृति सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। जिसमे वक्ता अटल जी के व्यक्तित्व व उपलब्धियो पर विस्तृत व्याख्यान देगे। जिला मुख्यालय में 7 दिवसीय अटल स्मृति प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा। इसके अतिरिक्त कवि सम्मेलन, विद्यालयो में चित्रकला, भाषण व निबन्ध व महिलाओं के मध्य रंगोली प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। उन्होंने बताया कि वीर बाल दिवस के तहत विद्यालय व महा विद्यालय मे साहबजादो के बलिदान का लेकर विचार गोष्ठी, भाषण व प्रशनोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। उन्होने कार्यकर्ताओ से स्थानीय गुरुदारो में जाकर शब्द कीर्तन का श्रवण व प्रभात फेरी का आयोजन किया जाएगा इसके अतिरिक्त साहबजादो पर आधारित प्रदर्शनी लगाकर उनके जीवन से सम्बन्धित साहित्य व विडियो भी दिखाए जाएगे। उन्होने इन कार्यक्रमों के निमित: जिला टोली व मण्डल टोली से इन कार्यक्रमो को पूर्ण मनोयोग व जोश के साथ करने का आवाह्न किया। कार्यशाला को अटल स्मृति वर्ष के प्रदेश सह-संयोजक भारत भूषण चुघ, विधायक रामनगर दीवान सिंह बिष्ट व विधायक लालकुआँ मोहन सिंह बिष्ट ने भी सम्बोधित किया। कार्यशाला में महापौर गजराज सिंह बिष्ट, विधायक राम सिंह कैड़ा, प्रदेश प्रवक्ता विकास भगत, प्रदेश सह-मीडिया प्रभारी प्रदीप जनौटी, दर्जा राज्य मंत्री दिनेश आर्य, शंकर कोरंगा, श्रीमती रेनु अधिकारी, पूर्व महापौर डॉ जोगेन्द्र पाल सिंह रौतेला, पूर्व जिलाध्यक्ष प्रदीप बिष्ट, युवा मोर्चा प्रदेश महामंत्री दीपेन्द्र कोश्यारी, अटल स्मृति वर्ष के जिला संयोजक विनीत अग्रवाल, वीर बाल दिवस के जिला संयोजक दिनेश खुल्बे, प्रताप रैक्वाल, पुष्कर जोशी, नवीन भट्ट, नितिन राणा, रोहित दुम्का सहित अन्य जन उपस्थित रहे।

# शीतकालीन पर्यटन आत्मनिर्भर उत्तराखंड की मजबूत नींव: धामी

## मुख्यमंत्री ने नैनीताल में आयोजित विंटर कार्निवाल में किया प्रतिभाग : राज्य में 'स्टेट मिलेट मिशन', 'फार्म मशीनरी बैंक', 'एप्पल मिशन', 'नई पर्यटन नीति', 'नई फिल्म नीति', 'होम स्टे', और 'वेड इन उत्तराखंड' जैसी योजनाओं से अर्थव्यवस्था हुई मजबूत



नैनीताल (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरुवार को पर्यटन नगरी नैनीताल में आयोजित विंटर कार्निवाल में प्रतिभाग किया। उन्होंने शीतकालीन पर्यटन को जन आंदोलन बनाने और उत्तराखंड को समृद्ध एवं आत्मनिर्भर बनाने में सहयोग का आह्वान करते हुए कहा कि शीतकालीन पर्यटन आत्मनिर्भर उत्तराखंड की मजबूत नींव है। उन्होंने कहा कि नैनीताल कार्निवाल उत्तराखंड की आस्था, संस्कृति, परंपरा और स्वाभिमान का उत्सव होने के साथ-साथ "विकास भी विरासत भी" की सोच को साकार करता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के शीतकालीन यात्रा के आह्वान से राज्य के सभी पर्यटन क्षेत्रों में शीतकालीन पर्यटन को लेकर अभूतपूर्व उत्साह देखने को मिल रहा है। इससे स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए अवसर सृजित हो रहे हैं। युवा ट्रेकिंग गाइड, होम-स्टे, होटल एवं पर्यटन से जुड़े अन्य कार्यों के माध्यम से आत्मनिर्भर बन रहे हैं और इन क्षेत्रों में पलायन में कमी आई है। उन्होंने कहा कि शीतकालीन पर्यटन से लोक कलाकारों, हस्तशिल्प, पारंपरिक व्यंजनों और स्थानीय उत्पादों को नया बाजार मिलेगा। उन्होंने कहा कि सरकार विकास के साथ-साथ सांस्कृतिक मूल्यों, कानून व्यवस्था और पारदर्शिता को भी सशक्त बना रही है। समान नागरिक संहिता, नकल विरोधी कानून, सख्त भू-कानून और भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति से उत्तराखंड देश के अग्रणी राज्यों में अपनी पहचान बना रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि नैनीताल में आयोजित विंटर कार्निवाल से क्षेत्र में बढ़ते पर्यटन विकास को और अधिक गति मिलेगी। उन्होंने नैनीताल विंटर कार्निवाल की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह शीतकालीन कार्निवाल कई मायनों में विशेष है क्योंकि आज हम जहां एक ओर नैनीताल में इस भव्य विंटर कार्निवाल के लिए एकत्रित हुए हैं वहीं नैनीताल के समग्र विकास के लिए सैंकड़ों करोड़ रुपए की परियोजनाओं को भी जनता को समर्पित किया है। आज का यह दिन इसलिए भी अत्यंत विशेष है क्योंकि आज हमारे पृथक राज्य निर्माण के स्वप्न को साकार करने वाले भारतीय राजनीति के अजातशत्रु पूर्व प्रधानमंत्री परम श्रद्धेय भारत रत्न स्व अटल बिहारी वाजपेयी जी की जन्म जयंती भी है, इस अवसर पर समस्त प्रदेश वासियों की ओर से श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी को कोटि कोटि नमन करते हुए उन्हें भावांजलि अर्पित करता हूं। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर नैनीताल जनपद के अंतर्गत 121 करोड़ रुपये से अधिक की लागत की 13 महत्वपूर्ण विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास का भी जिक्र करते हुए कहा कि नैनीताल जिला निरंतर विकास की ओर अग्रसर है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हम सभी के लिए अत्यंत प्रसन्नता का विषय है कि नैनीताल की पावन भूमि पर सात वर्षों के लंबे अंतराल के बाद शीतकालीन कार्निवल का आयोजन इतने भव्य रूप में किया जा रहा है। इस शीतकालीन कार्निवल के माध्यम से जहां एक ओर यहां आने वाले लोगों को हमारी समृद्ध संस्कृति, परम्पराओं और प्राकृतिक सुंदरता को नजदीक से अनुभव करने का अवसर प्राप्त हो रहा है। वहीं पर्यटक हमारी लोक संस्कृति, कारीगरी और पारंपरिक स्वाद से भी परिचित हो रहे हैं। इस महोत्सव के दौरान जहाँ एक ओर प्रतिदिन अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रमों में देश और राज्य के कई प्रख्यात कलाकारों द्वारा अपनी प्रस्तुतियाँ दी गई,वहीं, बोट रेस, सांस्कृतिक झांकियो, लाइट एंड साउंड शो तथा मनमोहक बैंड प्रस्तुतियों के माध्यम से दर्शकों का भरपूर मनोरंजन भी हुआ। इस कार्निवाल में पर्यटकों के लिए प्रकृति भ्रमण, ट्रेकिंग, एस्ट्रो टूरिज्म तथा आर्टिफिशियल रॉक क्लाइंबिंग जैसी गतिविधियों का भी आयोजन किया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह विंटर कार्निवल न केवल हमारी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और लोक कलाओं को प्रस्तुत करने का एक उत्कृष्ट मंच सिद्ध होगा, बल्कि स्थानीय अर्थव्यवस्था और पर्यटन को भी नई ऊर्जा प्रदान करेगा। मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में राज्य सरकार उत्तराखंड को विश्व की आध्यात्मिक राजधानी के रूप में स्थापित करने के संकल्प के साथ-साथ राज्य में तीर्थाटन और पर्यटन को प्रोत्साहित करने के लिए भी संकल्पित होकर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार केदारखंड की भांति ही मानसखंड के पौराणिक मंदिरों के पुनरुत्थान एवं सौंदर्यीकरण की दिशा में भी योजनाबद्ध तरीके से कार्य कर रही है। सिद्धपीठ नैनादेवी मंदिर के साथ-साथ कैंची धाम, तल्लीताल में हनुमानगढ़ी और मुक्तेश्वर धाम सहित क्षेत्र के विभिन्न पौराणिक मंदिरों का भी विकास किया जा रहा है। आज एक ओर जहां प्रदेश में धार्मिक पर्यटन के साथ-साथ वेलनेस टूरिज्म, एडवेंचर टूरिज्म, फिल्म शूटिंग डेस्टिनेशन और वेडिंग डेस्टिनेशन के क्षेत्रों का विकास किया जा रहा है, वहीं राज्य में साहसिक पर्यटन जैसे ट्रेकिंग, रिवर राफ्टिंग, पैराग्लाइडिंग, स्कीइंग और माउंटेनियरिंग को भी बढ़ावा देने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में बारहों महीने पर्यटन की निरंतरता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से "शीतकालीन यात्रा" की शुरुआत भी की है। इतना ही नहीं, सरकार प्रदेश में आयुर्वेदिक एवं प्राकृतिक चिकित्सा, योग और आध्यात्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए गढ़वाल और कुमाऊं मंडलों में एक-एक ''स्पिरिचुअल इकोनॉमिक जोन' ' की स्थापना भी करने जा रहे है। इसके साथ ही सरकार अपने पारंपरिक मेलों, उत्सवों और लोक संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए 'वन डिस्ट्रिक्ट, वन फेस्टिवल' के रूप में विकसित करने की दिशा में भी कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि नैनीताल का विंटर कार्निवल भी शीतकाल के दौरान पर्यटन को बढ़ावा देने के साथ-साथ हमारी लोक संस्कृति, कला और पारंपरिक विरासत को प्रदर्शित करने का उत्कृष्ट मंच रहा। मुख्यमंत्री ने स्थानीय लोगों से अपील की, कि जिस प्रकार पूर्व में नवरात्रों के अवसर पर नैनीताल में शरदोत्सव तथा ओटम फेस्टिवल का आयोजन किया जाता था। हमें ऐसे आयोजनों को पुनः शुरू करना चाहिए, ताकि क्षेत्र में सांस्कृतिक गतिविधियों और पर्यटन को बढ़ावा मिल सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार पहाड़ों से हो रहे पलायन को रोकने तथा स्थानीय अर्थव्यवस्था और पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए भी कई महत्वपूर्ण योजनाओं पर कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में जहाँ एक ओर एक जनपद, दो उत्पाद योजना के माध्यम से स्थानीय आजीविका के अवसरों को बढ़ावा दिया है, वहीं हाउस ऑफ हिमालयाज ब्रांड ने स्थानीय उत्पादों को व्यापक पहचान दिलाने का काम किया है। इसके साथ ही राज्य में 'स्टेट मिलेट मिशन', 'फार्म मशीनरी बैंक', 'एप्पल मिशन', 'नई पर्यटन नीति', 'नई फिल्म नीति', 'होम स्टे', और 'वेड इन उत्तराखंड' जैसी योजनाओं के माध्यम से अपनी स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान करने का कार्य भी राज्य में किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज जिले में सैकड़ों की संख्या में होम स्टे संचालित हो रहे हैं, जिनके माध्यम से स्थानीय लोगों को रोजगार और स्वरोजगार के नए अवसर प्राप्त हो रहे हैं। इन्हीं प्रयासों के परिणामस्वरूप, आज उत्तराखंड राज्य विभिन्न चुनौतियों के बावजूद भी अनेकों क्षेत्रों में नए-नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है, इसी क्रम में उत्तराखंड राज्य ने पलायन निवारण आयोग की सर्वे रिपोर्ट में रिवर्स पलायन में 44 प्रतिशत की उल्लेखनीय बढ़ोतरी दर्ज की है। इसके साथ ही राज्य को पर्यटन क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए Best Wildlife Best Adventure Destination जैसे राष्ट्रीय पुरस्कार भी प्राप्त हुए हैं। इसके साथ ही सतत पर्यटन के लिए World Responsible Tourism Award One to Watch, पुरस्कार भी प्राप्त हुआ है। वहीं केंद्रीय पर्यटन मंत्रालय की ओर से राज्य के चार गांवों जखोल, हर्षिल, गूंजी और सूपी को सर्वश्रेष्ठ पर्यटन ग्राम पुरस्कार से भी सम्मानित किया गया है। इस दौरान मुख्यमंत्री द्वारा उत्तराखंड के लोक कलाकारों द्वारा प्रस्तुत की गई विभिन्न प्रस्तुतियों का भी आनंद लिया गया। इस अवसर पर विधायक नैनीताल सरिता आर्या, विधायक कालाढूंगी बंशीधर भगत, भाजपा जिला अध्यक्ष प्रताप बिष्ट, उत्तराखंड सरकार में दायित्वधारी डॉ अनिल कपूर डब्बू,सुरेश भट्ट, दिनेश आर्या,शांति मेहरा नवीन वर्मा,आयुक्त कुमाऊं व सचिव मुख्यमंत्री दीपक रावत, जिला अधिकारी ललित मोहन रयाल, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ मंजूनाथ टीसी सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि,देश के विभिन्न राज्यों से आए पर्यटक, क्षेत्रीय जनता आदि उपस्थित रही।

## सरकार ने देवभूमि के देवत्व की रक्षा के लिए अनेकों कठोर निर्णय लिए



नैनीताल। अपने संबोधन में मुख्यमंत्री श्री धामी ने कहा कि उत्तराखंड सरकार, राज्य के समग्र विकास के साथ-साथ अपने सांस्कृतिक मूल्यों और डेमोग्राफी को संरक्षित रखने हेतु भी पूर्ण रूप से संकल्पबद्ध है, इसलिए सरकार ने देवभूमि के देवत्व की रक्षा के लिए अनेकों कठोर निर्णय लिए हैं। सरकार ने सुनियोजित लैंड जिहाद के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए अभी तक 10 हजार हेक्टेयर से अधिक भूमि को कब्जा मुक्त कराया है। राज्य में अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए 500 से अधिक अवैध निर्माणों को ध्वस्त किया है,और आगे भी इस अभियान को जारी रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा प्रदेश में एक सख्त भू-कानून भी लागू कर दिया है, जिससे राज्य के मूल स्वरूप के साथ खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके। इसके साथ ही राज्य में सख्त दंगारोधी कानून लागू कर दंगा फैलाने वालों पर भी कड़ी कार्रवाई की जा रही है। प्रदेश में सबसे पहले समान नागरिक संहिता कानून लागू कर सभी धर्मों के नागरिकों के लिए एक समान कानून लागू किया,जिससे बहुविवाह, हलाला जैसी कुकृत्यों से महिलाओं को आजादी मिलेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने जहां एक ओर राज्य में नकल माफियाओं पर अंकुश लगाने के लिए सख्त नकल विरोधी कानून लागू किया है वहीं भ्रष्टाचार को जड़ से समाप्त करने के लिए कड़ी कार्रवाई भी सुनिश्चित की है। जिसके माध्यम से पिछले साढ़े 4 वर्षों में राज्य के 26 हजार से अधिक युवाओं को सरकारी नौकरी प्राप्त हुई है, वहीं, 100 से अधिक नकल माफियाओं को सलाखों के पीछे भी पहुंचाया गया है। राज्य में भ्रष्टाचार करने वाले आईएएस और पीसीएस स्तर के अधिकारियों सहित 200 से अधिक लोगों पर सख्त कार्रवाई कर प्रशासन को पारदर्शी बनाने का प्रयास भी किया है। इस अवसर पर अपने संबोधन के माध्यम से मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री जी के "स्वदेशी अपनाओ देश को मजबूत बनाओ'' के मंत्र को आत्मसात करते हुए अधिक से अधिक स्वदेशी उत्पादों का प्रयोग करने की अपील उपस्थित जनता से की। उन्होंने कहा कि हम स्वदेशी वस्तुओं को प्राथमिकता देंगे, तो हमारा ये कदम न केवल हमारे कारीगरों, किसानों और उद्यमियों को सशक्त बनाएगा, बल्कि आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को भी मजबूती प्रदान करेगा।

# जु-जित्सू चैंपियनशिप में उत्तराखंड 90 पदक जीत बना नौवीं बार ओवरऑल चैंपियन

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। राष्ट्रीय स्तर पर जिले के होनहार जु-जित्सू खिलाड़ियों ने एक बार फिर अपनी चमक बिखेरते हुए अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। 19 से 23 दिसंबर 2025 तक आईजीआई स्पोर्ट्स स्टेडियम गौलापार में आयोजित हुई सब जूनियर, जूनियर नेशनल जु-जित्सू चैंपियनशिप 2025 में उत्तराखंड राज्य जु-जित्सू टीम में शामिल जिले के 25 खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 11 स्वर्ण, 8 रजत ओर 7 कांस्य पदक सहित कुल 26 पदक जीतकर जिले एवं राज्य का मान बढ़ाया है। जानकारी देते हुए जिला जु-जित्सू एसोसिएशन ऑफ ऊधम सिंह नगर के महासचिव एवं कोच ऋषि पाल भारती ने बताया कि जु जित्सू एसोसिएशन ऑफ इंडिया के नेतृत्व में आयोजित हुई सब जूनियर, जूनियर नेशनल जु-जित्सू चौंपियनशिप 2025 में 22 राज्यों के 800 से अधिक खिलाड़ियों सहित लगभग 150 रेफरियों, जजों ने प्रतिभाग किया। उक्त प्रतियोगिता में जिले के खिलाड़ियों का प्रदर्शन अभूतपूर्व रहा। जिन्होंने उत्तराखंड की पदक श्रेणी में अहम भूमिका निभाई, जिससे उत्तराखंड राज्य ने 56 स्वर्ण, 22 रजत, 12 कांस्य पदक सहित कुल 90 पदक जीतकर नौवीं बार ओवरऑल चौंपियंस बनने का खिताब प्राप्त किया। वहीं उत्तर प्रदेश दूसरे ओर असम राज्य तीसरे स्थान पर रहे। महासचिव भारती ने बताया कि प्रतियोगिता में बबीता अधिकारी, देव चंद, शिवानिया गोस्वामी, तेजस्विनी नेगी, आराध्या, सृष्टि वशिष्ठ, प्रज्ञान बिष्ट, अंशिका शर्मा ने स्वर्ण पदक। सिद्धांत गौतम, अभिनव, कर्णिका कांडपाल, आरव चंदेल, आस्था राणा, शिवम ने रजत पदक एवं सिद्धांत, तेजस्विनी, लक्षिता जोशी, प्रज्ञान, अमन सिंह, रोहित भट्ट ने कांस्य पदक जीते। सभी पदक विजेता खिलाड़ियों को जिला जु-जित्सू एसोसिएशन द्वारा सम्मानित किया जाएगा। भारती ने बताया कि आगामी अप्रैल माह में श्रीलंका में आयोजित होने जा रही साउथ एशियन जु-जित्सू चौंपियनशिप में इन खिलाड़ियों को भारत देश का प्रतिनिधित्व करने का मौका मिलेगा। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर जु-जित्सू एसोसिएशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष विनय जोशी, महासचिव अमित अरोरा, निदेशक प्रशासन सतीश जोशी, प्रभारी उप निदेशक खेल रसिका सिद्दीकी, जिला जु-जित्सू एसोसिएशन के अध्यक्ष भारत भूषण चुघ, कोषाध्यक्ष किशोर सिंह, जॉनी हीराम तिग्गा, शोभा तिग्गा, कृष्ण चौहान, विक्रम सिंह, रूनू शर्मा, गुलशन कुमार, हिमा भट्ट, गंगा मेहरा, वसीम खान, नरेंद्र सिंह, कृष्ण साना, सतविंदर सिंह, जिला डीएसओ जानकी कार्की, सतनाम चावला, सुखदेव सिंह, शंकर सिंह बसेरा, चेतन धीर, शेखर सक्सेना, जय प्रकाश सहित अनेकों प्रशिक्षकों एवं अभिभावकों ने बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की।



# खेल हमारे जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा: अजय भट्ट

## सांसद खेल महोत्सव का पुरस्कार वितरण के साथ हुआ समापन,समापन पर सांसद भट्ट ने की कई घोषणाएं

हल्द्वानी। सांसद खेल महोत्सव कार्यक्रम के समापन अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम का लाइव प्रसारण एमबीपीजी कॉलेज के लाल बहादुर शास्त्री ऑडोटोरियम हॉल में सांसद अजय भट्ट सहित वशिष्ठ अतिथियों एवं संसदीय क्षेत्र नैनीताल–उधम सिंह नगर के प्रतिभावान खिलाड़ियों, जनप्रतिनिधियों तथा राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों ने सुना । सांसद अजय भट्ट ने ऑडोटोरियम हॉल के लिए प्रोजेक्टर और साउंड सिस्टम के लिए 2.5 लाख रुपए देने की घोषणा के साथ ही गोलपार में बनने जा रहे खेल विश्व विद्यालय में नाइट मैच के लिए लाइट व्यवस्था हेतु 2 लाख की घोषणा की। सांसद अजय भट्ट ने कहा कि सांसद खेल महोत्सव के अंतर्गत लोकसभा स्तर पर भव्य खेल प्रतियोगिताओ का आयोजन किया गया। जिसमें खेल के साथ फिटनेस और मनोरंजन का जबरदस्त संगम देखने को मिला। यह आयोजन न केवल युवाओं को खेलों में आगे बढ़ने का मौका देगा, बल्कि फिट इंडिया मूवमेंट को भी नया आयाम देगा। उन्होंने सांसद खेल महोत्सव के अंतिम दिन प्रधानमंत्री जी की विभिन्न संसदीय क्षेत्रों में वर्चुअली उपस्थित पर हर्ष व्यक्त करते हुए आभार व्यक्त किया।उन्होंने कहा कि खेल हमारे जीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। यह हमें न केवल शारीरिक रूप से स्वस्थ रखता है, बल्कि मानसिक रूप से भी मजबूत बनाता है। खेल हमें एकता, टीमवर्क, और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना सिखाता है। उन्होंने बच्चों से पढ़ाई के साथ ही खेलों के लिए प्रतिदिन समय निकालने का आह्वान किया। उन्होंने सभी बच्चों को मोबाइल पर कम से कम समय व्यतीत करने तथा नशे से दूर रहने का आह्वान भी किया। सांसद अजय भट्ट ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी जी के जन्म दिवस के अवसर पर सुशासन दिवस मनाया जा रहा है। यह एक महत्वपूर्ण दिन है, जब हम अपने देश के एक महान नेता और सपूत को याद करते हैं, जिन्होंने अपने जीवन को देश की सेवा में समर्पित कर दिया था। उन्होंने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी जी एक ऐसे नेता थे, जिन्होंने अपने कार्यकाल में सुशासन को एक नए आयाम तक पहुँचाया। उन्होंने अपने कार्यकाल में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए, जिन्होंने देश के विकास और प्रगति में महत्वपूर्ण योगदान दिया। सुशासन का अर्थ है अच्छा शासन, जो हमारे देश के नागरिकों के लिए एक बेहतर जीवन प्रदान करने के लिए आवश्यक है। अटल जी ने अपने कार्यकाल में सुशासन के मूल्यों को अपनाया और देश को एक नए विकास पथ पर ले गए। उन्होंने अपने कार्यकाल में कई महत्वपूर्ण योजनाएं शुरू कीं, जैसे कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, जो ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क निर्माण के लिए एक महत्वपूर्ण कदम था। विभिन्न खेलों में अच्छा प्रदर्शन कर रहे राष्ट्रीय एवम् अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ियों के साथ ही पूर्व राष्ट्रीय एवम् अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ियों को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में दर्जा राज्यमंत्री सुरेश भट्ट , नवीन वर्मा, दिनेश आर्य, बीजेपी प्रदेश महामंत्री तरुण बंसल, बीजेपी जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट सहित कंचन उप्रेती, नीरज बिष्ट, दीप कोश्यारी, भुवन जोशी, हिमांशु मिश्रा,आभा गोस्वामी, प्रभारी उप निदेशक खेल रशिका सिद्दीकी, प्रदेश संयोजक सुरेश पांडे, निर्मला पंत, लक्ष्मण खाती, हरीश भाकुनी , त्रिलोचन जीना, देवेंद्र भट्ट, विनय जोशी,दीपक पाण्डेय कमलेश बिष्ट, वीरेंद्र आदि उपस्थित थे।








# रूद्रपुर में स्थापित होगी अटल बिहारी वाजपेयी की विशाल मूर्ति

## अटल जी की जयंती पर आयोजित प्रदर्शनी में महापौर ने की घोषणा

रूद्रपुर( उद संवाददाता)। भारत रत्न भूतपूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर नगर निगम परिसर में उनकी जीवन यात्रा और उपलब्धियों पर आधारित विशेष प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महापौर विकास शर्मा ने वरिष्ठ भाजपा नेताओं को सम्मानित किया और पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर अटल जी को श्रद्धांजलि अर्पित की। महापौर ने आवास विकास स्थित पार्क में अटल जी की विशाल मूर्ति लगाने और उनके नाम से एक मार्ग का नामकरण करने की घोषणा भी की।प्रदर्शनी का उद्‌घाटन महापौर विकास शर्मा ने फीता काटकर किया। इस दौरान अटल जी के जीवन, उनके सार्वजनिक योगदान, संसद में उनके भाषणों और सामाजिक विकास कार्यों से जुड़े चित्र और जानकारी प्रदर्शित की गई। कार्यक्रम में वरिष्ठ भाजपा नेताओं राज्य मंत्री उत्तम दत्ता, वरिष्ठ नेता वेद ठुकराल, राम प्रकाश गुप्ता, सत्यप्रकाश चौहान आदि को फूल माला और शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया किया गया।महापौर विकास शर्मा ने अपने संबोधन में कहा अटल बिहारी वाजपेयी केवल एक महान राजनेता ही नहीं बल्कि करोड़ों भारतीयों के प्रेरणास्रोत भी हैं। उन्होंने राजनीति को नैतिकता, करुणा और दूरदर्शिता के आधार पर आगे बढ़ाया। उनकी विचारधारा और नेतृत्व आने वाली पीढ़ियों के लिए मार्गदर्शक सिद्ध होगी। महापौर ने कहा हमने निर्णय लिया है कि आवास विकास के पार्क में अटल जी की विशाल मूर्ति स्थापित की जाएगी और उनके नाम पर एक मार्ग का नामकरण किया जाएगा। यह नगरवासियों के लिए उनके योगदान को याद रखने और नई पीढ़ी को प्रेरित करने का एक प्रतीक होगा।महापौर ने अंत में कहा अटल जी के आदर्शों को जीवन में उतारना हम सबका कर्तव्य है। उनकी याद में आयोजित यह प्रदर्शनी और मूर्ति स्थापना शहरवासियों को हमेशा प्रेरित करेगी। हम चाहते हैं कि हर नागरिक उनकी नीति और आदर्शों से परिचित हो और आने वाली पीढ़ियों को भी उनका संदेश मिलता रहे।इस अवसर पर विधायक शिव अरोरा ने कहा अटल जी की विचारधारा हमें हमेशा सही दिशा में नेतृत्व करने की प्रेरणा देती है। उनकी जयंती पर हम उन्हें नमन करते हैं और उनकी नीति तथा दृष्टि को आगे बढ़ाने का संकल्प लेते हैं। राज्य मंत्री उत्तम दत्ता ने कहा कि अटल जी का जीवन भारतवासियों के लिए प्रेरणा का स्रोत है। उनकी दूरदर्शिता और नेतृत्व कौशल ने देश को वैश्विक मंच पर मजबूती दी। हमें उनके दिखाए मार्ग पर चलकर समाज और देश के लिए कार्य करना चाहिए। कार्यक्रम में जिले के वरिष्ठ भाजपा नेता वेद ठुकराल, सत्यप्रकाश चौहान, मोहन तिवारी, नवीन पांडे, संजीव शर्मा, मंडल अध्यक्ष सुनील ठुकराल, मुकेश पाल, पार्षद प्रमोद शर्मा, जोनी भाटिया, गिरीश पाल, रजनी रावत, अर्चना राय, रेनू जुनेजा, मंडल महामंत्री जितेंद्र संधू, अमन विर्क, गोविंद शर्मा, आकाश रस्तोगी, मदन शर्मा सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।





# बंगाली समाज ने फूंका बांग्लादेश के प्रधानमंत्री युनूस का पुतला

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। बांग्लादेश में कट्टरपंथियों द्वारा सरकार के संरक्षण में हिंदू युवक दीपू दास की पीट पीटकर की गई निर्मम हत्या के विरोध में गुरुवार को बंगाली समाज के लोगों ने बांग्लादेश सरकार और प्रधानमंत्री युनूस के विरुद्ध नारेबाजी के साथ प्रदर्शन कर बंगाली कल्याण समिति के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप अधिकारी के नेतृत्व में संजय नगर वार्ड 11 में प्रधानमंत्री युनूस के पुतले को आग के हवाले किया। इस मौके पर दिलीप अधिकारी ने कहा कि बांग्लादेश में प्रधानमंत्री शेख हसीना सरकार का तख्ता पलट कर हिंदू परिवारों पर अत्याचार किए गए। उन्होंने कहा कि



यह सिलसिला आज भी निरन्तर जारी है। आए दिन बांग्लादेश में हिंदूजनों की हत्या की जा रही हैं परंतु केंद्र की भाजपा सरकार इस ओर कोई भी ठोस कदम नहीं उठा रही है। जिससे कट्टरपंथियों के हौसले लगातार बढ़ते जा रहे हैं। दिलीप अधिकारी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बांग्लादेश में राने वाले हिन्दू परिवारों की रक्षा के लिए तत्काल कार्रवाई करनी होगी। अन्यथा बंगाली समाज को इसके विरोध में दिल्ली जाकर धरना प्रदर्शन को बाध्य होना पड़ेगा। पुतला फूंकने वालों में पार्षद पति मानवेंद्र राय, मुकेश मंडल, दीपक कीर्तनीया, राज चक्रवर्ती, सुशील मंडल, सुशांत विश्वास, मिंटू विश्वास, सुशीला देवी, पार्षद नीतू राय, वीरेश कुमार, विनोद, रविंद्र सरकार, अभिमन्यु, विश्वजीत मण्डल, तपन सरकार व प्रीतीश आदि मौजूद थे।

# धर्म आस्था से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं: शिव अरोरा

रुद्रपुर( उद संवाददाता)। विगत दिनों किच्छा रोड स्थित भुर्जी समाज के आस्था केंद्र चन्द्रदेव मंदिर पर भू–माफिया द्वारा कब्जे के प्रयास का मामला सामने आया था। सूचना मिलते ही रुद्रपुर विधायक शिव अरोरा भुर्जी समाज के लोगों के साथ मौके पर पहुंचे। विधायक के हस्तक्षेप के बाद पुलिस प्रशासन द्वारा मंदिर परिसर पर ताला लगाकर पूर्व की भांति यथास्थिति बहाल कर दी गई, जिससे पूजा–अर्चना सुचारु रूप से जारी रह सकी। इस संबंध में विधायक शिव अरोरा ने अपने कार्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान कहा कि रुद्रपुर में किसी भी धर्मस्थलख्र्चाहे वह मंदिर हो, गुरुद्वारा हो, घाट या कोई अन्य आस्था का केंद्र–पर भू–माफिया की नजर पड़ी तो उसका कड़ा विरोध किया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि धर्म आस्था से जुड़े स्थलों पर किसी भी प्रकार का कब्जा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और इसके लिए वे हर स्तर पर संघर्ष करने को तैयार हैं। विधायक ने कहा कि रुद्रपुर भगवान रुद्र के नाम से जाना जाता है और यहां भू–माफिया के मंसूबों को कभी सफल नहीं होने दिया जाएगा। किच्छा रोड स्थित चन्द्रदेव मंदिर में भुर्जी समाज दशकों से पूजा–अर्चना करता आ रहा है, ऐसे में इस आस्था केंद्र पर कब्जे का प्रयास पूरी तरह अनुचित है। उन्होंने कहा कि धर्म विरोधी ताकतों को मुंहतोड़ जवाब देना उन्हें आता है और आवश्यकता पड़ी तो धर्म आस्था की रक्षा के लिए जेल जाने से भी पीछे नहीं हटेंगे। न्यायालय संबंधी प्रश्न पर विधायक शिव अरोरा ने कहा कि वे माननीय न्यायालय का पूर्ण सम्मान करते हैं। उन्हें जारी अवमानना नोटिस का जवाब विधिक प्रक्रिया के तहत दिया जाएगा तथा न्यायालय के प्रत्येक निर्णय का सम्मान किया जाएगा। विधायक ने यह भी कहा कि अभी न्यायालय ने एक पक्ष को सुना है, आगामी सुनवाइयों में भुर्जी समाज अपना पक्ष मजबूती से रखेगा। उन्हें पूर्ण विश्वास है कि माननीय न्यायालय समाज की आस्था और दशकों से चली आ रही पूजा परंपरा को ध्यान में रखते हुए न्याय अवश्य प्रदान करेगा। उन्होंने दोहराया कि भुर्जी समाज की इस लड़ाई में वे पहले दिन से साथ हैं और भविष्य में भी धर्म आस्था के विषय पर सदैव अग्रिम पंक्ति में खड़े रहेंगे।




# कड़ाके की ठंड में भी दिखा पुलिस अनुशासन

रुद्रपुर( उद संवाददाता)। घने कोहरे और कड़ाके की ठंड के बावजूद ऊधमसिंहनगर पुलिस ने अनुशासन, तत्परता और शारीरिक दक्षता का सशक्त प्रदर्शन किया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ऊधमसिंहनगर मणिकांत मिश्रा के निर्देशन में शुक्रवार को दिनांक 26 दिसंबर 2025 को रिजर्व पुलिस लाइन रुद्रपुर स्थित परेड ग्राउंड में साप्ताहिक परेड का आयोजन किया गया। परेड में जनपद के विभिन्न थानों एवं शाखाओं से आए पुलिस कार्मिकों ने ड्रिल, शारीरिक दक्षता, शस्त्राभ्यास तथा शस्त्रों के सुरक्षित एवं प्रभावी उपयोग से संबंधित अभ्यास में भाग लिया। कार्मिकों को विभिन्न टोलियों में विभाजित कर सघन ड्रिल करवाई गई, जिससे उनकी कार्यक्षमता, आपसी समन्वय एवं अनुशासन स्तर का मूल्यांकन किया गया। परेड के उपरांत एसएसपी के निर्देशानुसार पुलिस लाइन की व्यवस्थाओं का गहन निरीक्षण किया गया। इस दौरान भोजनालय, गार्द कक्ष, आदेश कक्ष, गार्द रजिस्टरों सहित पुलिस लाइन से संबंधित समस्त अभिलेखों एवं रिकॉर्ड की विधिवत जांच की गई। साथ ही गार्द/सुरक्षा ड्यूटी, मुल्जिम कमान ड्यूटी एवं अन्य महत्वपूर्ण ड्यूटियों के संबंध में गार्द कमांडरों को आवश्यक दिशा– निर्देश दिए गए। एसएसपी मणिकांत मिश्रा ने परेड में उपस्थित थाना प्रभारियों एवं अधीनस्थ कार्मिकों को निर्देशित किया कि वे अपने–अपने थाना परिसरों में नियमित रूप से व्यायाम, योग एवं फिटनेस गतिविधियों को अनिवार्य रूप से अपनाएं। बढ़ती ठंड और घने कोहरे को देखते हुए उन्होंने सर्द मौसम में स्वास्थ्य सुरक्षा का विशेष ध्यान रखते हुए पूरी सतर्कता और जिम्मेदारी के साथ कर्तव्य निर्वहन करने के निर्देश भी दिए।





# उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## बलात्कार के दोषी

एक ओर महिलाओं के खिलाफ होने वाले अपराधों पर लगाम नहीं लग पाना आज भी एक बड़ी चुनौती है, वहीं कानूनी नुक्तों का फायदा उठा कर बलात्कार जैसे जघन्य अपराध के दोषी को भी कई बार रियायत दे दी जाती है। संभव है कि कानून की किसी व्याख्या के मुताबिक, अदालत में बलात्कार के दोषी सिद्ध हुए व्यक्ति को जमानत का पात्र समझा जाए, लेकिन इससे पीड़ित महिला के लिए न्याय सुनिश्चित किए जाने की प्रक्रिया गंभीर रूप से बाधित होती है।गौरतलब है कि उत्तर प्रदेश के उन्नाव में एक नाबालिग लड़की से बलात्कार के मामले में वर्ष 2019 में पूर्व भाजपा विधायक कुलदीप सिंह सेंगर को उम्रकैद की सजा हुई थी। अदालत ने भारतीय दंड संहिता के तहत बलात्कार के मामले और बच्चे-बच्चियों के यौन शोषण से सुरक्षा के कानून 'पाक्सो' में गंभीर यौन हिंसा के प्रावधानों के मुताबिक सजा दी थी। तब यह घटना देश भर में व्यापक चिंता और आक्रोश का कारण बनी थी।मगर अब दिल्ली हाई कोर्ट ने सेंगर की सजा को निलंबित करने का आदेश दे दिया। इस संदर्भ में एक अहम तथ्य यह है कि दोषी सिद्ध होने के बाद निचली अदालत ने साफ कहा था कि सेंगर को जीवन भर जेल में रहना होगा।जाहिर है, अपराध की गंभीरता और प्रकृति के मद्देनजर निचली अदालत में सेंगर को मिली सजा को कानून के मुताबिक माना जा रहा था, लेकिन दिल्ली उच्च न्यायालय ने जिस आधार पर उस सजा को निलंबित करने का आदेश दिया, वह स्वाभाविक ही विवादों के घेरे में आ गया। अब सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका दायर कर दिल्ली हाई कोर्ट के आदेश पर रोक लगाने की मांग की गई है।दरअसल, इस घटना के बाद पीड़िता को जिन हालात का सामना करना पड़ा और उसके जीवन तक पर जिस तरह के जोखिम खड़े हुए थे, वे बेहद अप्रत्याशित थे, मगर उससे साफ था कि जघन्य अपराधों के बाद एक ऊंचे राजनीतिक रसूख वाला आरोपी पीड़िता को खामोश करने के लिए किस हद तक जा सकता है। इस दौरान पीड़िता के पिता की जान चली गई एक ट्रक ने उस कार को टक्कर मार दी, जिसमें वह परिवार के अन्य लोगों के साथ जा रही थी। उस घटना में पीड़िता और उसका वकील बुरी तरह घायल हो गए, जबकि उसकी दो मौसियों की मौत हो गई। समझा जा सकता है कि इस पूरे मामले में पीड़िता को किस तरह के हालात का सामना करना पड़ा। अक्सर समूचे देश में महिलाओं के खिलाफ जघन्य अपराधों पर काबू पाने, खासकर बलात्कार के दोषियों के प्रति बेहद सख्त रुख अख्तियार करने और यहां तक कि फांसी की सजा की मांग की जाती है। मगर जब किसी रसूख वाले अपराधी की सजा को लेकर रियायत बरतने की खबर आती है, तब यह समझना मुश्किल हो जाता है कि आखिर कानून के काम करने के पैमाने क्या हैं! यह बेवजह नहीं है कि तमाम कानूनी प्रावधानों के बावजूद इस अपराध का खौफ व्यापक स्तर पर महिलाओं के जीवन को प्रभावित करता है। बलात्कार के मामले में सजा होने की बेहद कम दर को लेकर पहले ही चिंता जताई जाती रही है। इसका मुख्य कारण कानून की बारीकियों के आधार पर कई बार वास्तविक दोषियों का बच निकलना रहा है। कहा जाता है कि न्याय केवल होना नहीं चाहिए, बल्कि न्याय होते हुए दिखना भी चाहिए। मगर राजनीति या अन्य क्षेत्र में खासा प्रभाव रखने वाले सजायाफ्ता दोषी भी जब कानून से रियायत हासिल कर लेते हैं, तब न्याय की अवधारणा को गहरी चोट लगती है।

# सिक्स सिग्मा में फ्रेशर पार्टी की धूम

रुद्रपुर। सिक्स सिग्मा इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड साइंस के कॉलेज ऑफ फार्मेसी में बी.फार्मा, डी. फार्मा, फार्मा डी. वें एम.फार्म के प्रथम वर्ष के छात्रों का स्वागत समारोह "फार्मा जेनेसिस" के तहत बड़े उत्साह और हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्थान प्रमुख ललित सिंह बिष्ट, कॉलेज ऑफ फार्मेसी के प्रधानाचार्य डॉ. प्रकाश पंत, नर्सिंग विभाग के प्रधानाचार्य विवेक त्रिवेदी, सी.ए.ओ अनुभव बाठला, दीपिका देउपा और साहिल छाबड़ा ने मां सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम का संचालन बी. फार्मा द्वितीय वर्ष के छात्रों गरिमा पाटनी, शिवानी बिष्ट, अर्जुन कोरी और विकास उराव ने बेहतरीन अंदाज में किया। सत्र की शुरुआत रंगारंग रैम्प वॉक से हुई। इसके बाद नृत्य, गायन और मनोरंजक खेलों के माध्यम से छात्रों




ने अपने प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में मिस्टर और मिस फ्रेशर का चयन भी किया गया। बी. फार्मा में मिस्टर फ्रेशर शिवम सिंह धामी और मिस फ्रेशर रमन कौर बने, वहीं मिस्टर स्पार्कल सोमनाथ और मिस स्पार्कल प्रियांशी के नाम रहे। डी. फार्मा में मिस्टर फ्रेशर निशांत सिकदार और मिस फ्रेशर अनुष्का चुने गए, जबकि मिस्टर स्पार्कल ऋतुराज और मिस स्पार्कल निकिता को सम्मानित किया गया। फार्मा डी में मिस्टर फ्रेशर अभय, मिस फ्रेशर कमोलिका और मिस्टर स्पार्कल ललित रहे। इस कार्यक्रम में बेस्ट परफॉर्मर का खिताब डी. फार्मा के प्रियांशु सरकार को दिया गया। कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ. प्रकाश पंत ने इस अवसर पर कहा कि यह कार्यक्रम नए छात्रों का उत्साह बढ़ाने और उनके भविष्य को नया आयाम देने के उद्देश्य से आयोजित किया गया है। उन्होंने बताया कि संस्थान शिक्षा और तकनीकी कौशल के साथ-साथ छात्रों को प्रेरित करने के लिए निरंतर प्रयासरत है ताकि वे अपने लक्ष्य तक सफलता पूर्वक पहुँच सकें। इस अवसर पर संस्थान के अध्यक्ष राजेश डाबर, उपाध्यक्ष प्रीति ग्रोवर, मैनेजिंग डायरेक्टर सी.ए. शिव अरोरा, डायरेक्टर सीमा अरोरा, एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर वंश डाबर, शौर्य अरोड़ा, उप-प्रधानाचार्य मुकेश कुमार, रोहित सिंह पडियार, शिवम शर्मा एवं समस्त शिक्षक- शिक्षिकाओं ने नवोदित छात्रों को बधाई दी। कार्यक्रम की सफलता में सांस्कृतिक विभाग और सभी शिक्षकों का विशेष योगदान रहा।

# चारों साहिबजादों की शहादत को किया नमन

देहरादून(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने वीर बाल दिवस के अवसर पर दशमेश पिता गुरु गोविंद सिंह जी तथा उनके चारों साहिबजादों बाबा अजीत सिंह, बाबा जुझार सिंह, बाबा जोरावर सिंह और बाबा फतेह सिंह की महान शहादत को श्रद्धापूर्वक नमन किया है। उन्होंने कहा कि गुरु गोविंद सिंह जी के चारों साहिबजादों का बलिदान केवल भारत के इतिहास में ही नहीं, बल्कि पूरे विश्व इतिहास में साहस, धर्मनिष्ठा और त्याग का एक अनुपम एवं अनोखा अध्याय है। वीर बाल दिवस की पूर्व संध्या पर जारी अपने संदेश में मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा साहिबजादों की शहादत को सम्मान देने हेतु वीर बाल दिवस मनाने की घोषणा, उनके बलिदान को सच्ची श्रद्धांजलि है। यह निर्णय आने वाली पीढ़ियों तक साहिबजादों की वीरता, शौर्य और पराक्रम की गाथाओं को जीवंत बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि गुरु गोविंद सिंह जी के वीर साहिबजादों ने अल्पायु में ही धर्म, सत्य और न्याय की रक्षा के लिए अद्भुत साहस का परिचय देते हुए सर्वोच्च बलिदान दिया। उनका यह बलिदान नई पीढ़ी को साहस, शौर्य और राष्ट्रभक्ति की प्रेरणा देता है तथा हमें अपने कर्तव्यों के प्रति सजग और समर्पित बने रहने की शक्ति देता है।वहीं राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने वीर बाल दिवस के अवसर पर वीर साहिबजादों का भावपूर्ण स्मरण करते हुए उनके अद्वितीय साहस और सर्वोच्च बलिदान को नमन किया। उन्होंने बाबा जोरावर सिंह, बाबा फतेह सिंह एवं माता गुजरी जी के बलिदान को श्रद्धांजलि अर्पित की है। वीर बाल दिवस की पूर्व संध्या पर जारी अपने संदेश में राज्यपाल ने कहा कि वीर साहिबजादों का त्याग, बलिदान और अदम्य साहस हमारे धर्म, संस्कृति और राष्ट्र के प्रति उनकी गहरी आस्था को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि वीर बाल दिवस बच्चों के असाधारण योगदान, साहस और बलिदान को स्मरण करने का अवसर प्रदान करता है। वीर साहिबजादों ने मुगलों के अत्याचारों के विरुद्ध खालसा पंथ की मर्यादा और धर्म की रक्षा के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया। राज्यपाल ने कहा कि वीर बाल दिवस हमें यह सीख देता है कि कठिन से कठिन परिस्थितियों में भी अन्याय के सामने कभी झुकना नहीं चाहिए और सत्य व धर्म की रक्षा के लिए दृढ़ता से खड़े रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि वीर साहिबजादों का जीवन और बलिदान आज भी देशवासियों, विशेषकर युवा पीढ़ी के लिए राष्ट्रप्रेम, साहस और कर्तव्यनिष्ठा की अमूल्य प्रेरणा है।

जगदीश
कलर लैब
टंडन फोटो स्टूडियो
05944-246817

# प्रदेश अध्यक्ष अनीश गौड़ एवं पूर्व अध्यक्ष इंतजार हुसैन का भव्य स्वागत

किच्छा(उद संवाददाता)।भारतीय जनता पार्टी के अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अनीश गौड़ एवं पूर्व प्रदेश अध्यक्ष इंतजार हुसैन का किच्छा आगमन पर भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं द्वारा जोरदार स्वागत किया गया। इस दौरान अल्पसंख्यक मोर्चा के नाजिम मलिक एवं बाबू अल्वी ने दोनों नेताओं को फूल-मालाएं पहनाकर अभिनंदन किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष अनीश गौड़ ने कहा कि भाजपा के कार्यकाल में प्रदेश में चौमुखी विकास हुआ है और पार्टी "सबका साथ, सबका विकास" की भावना के साथ आगे बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने अल्पसंख्यक समाज के हित में अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं लागू की हैं। कांग्रेस पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा मुस्लिम समुदाय को केवल वोट बैंक के रूप में इस्तेमाल किया, जबकि भाजपा उनकी समस्याओं को गंभीरता से समझकर समाधान की दिशा में काम करती है।उन्होंने आगे कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में राज्य में यूनिफॉर्म सिविल कोड (यूसीसी) लागू किया गया है तथा तीन तलाक जैसी कुप्रथा पर रोक लगाकर मुस्लिम महिलाओं को न्याय और सम्मान दिलाया गया है।वहीं भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के नाजिम मलिक ने कहा कि भाजपा में मुस्लिम समाज का भविष्य उज्ज्वल है। पार्टी समाज के हर वर्ग को साथ लेकर चल रही है और विकास की मुख्यधारा से जोड़ने का कार्य कर रही है।इस अवसर पर स्वागत करने वालों में नाजिम मलिक, बाबू अल्वी, मालतूब अहमद, हफीज मलिक, जावेद मलिक, खतीब मलिक, शरीफ अहमद, खुर्शीद अहमद सहित अनेक कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।



# सीनियर जिला क्रिकेट लीग प्रतियोगिता का हुआ आगाज

किच्छा। क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ उधम सिंह नगर के तत्वाधान में सीनियर पुरुष वर्ग के जिला क्रिकेट लीग प्रतियोगिता का उद्घाटन मैच एमेनिटी स्पोर्ट्स ग्राउंड पर कर्मा क्रिकेट अकादमी और एमेनिटी स्पोर्ट्स अकादमी के मध्य खेला गया। एमेनिटी स्पोर्ट्स अकादमी के कप्तान शशांक पंत ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया और 44.1 ओवरों में 241 रनों पर पूरी टीम आउट हो गई। टीम खिलाड़ी मृत्युंजय नेगी ने 102 रन की शानदार पारी खेली। आयुष त्रिपाठी ने 37 और शशांक पंत ने 30 रनों का टीम को योगदान दिया। कर्मा क्रिकेट अकादमी की तरफ से अर्निश बत्रा ने 5 और आयुष पंत ने 2 विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी कर्मा क्रिकेट अकादमी की पूरी टीम 126 रनों पर ऑल आउट हो गई। कर्मा क्रिकेट अकादमी के आमिर ने 39 और अनीश बत्रा ने 24 रनों का योगदान दिया । एमेनिटी स्पोर्ट्स अकादमी की तरफ चेतन सिंह ने 4 और आदित्य राणा ने 3 विकेट लिए। एमेनिटी स्पोर्ट्स अकादमी ने कर्मा क्रिकेट अकादमी को 115 से हराकर अपना पहला मैच जीत कर दो अंक हासिल कर लिए। इस दौरान मैन ऑफ द मैच मृत्युंजय नेगी रहे। मैच के दौरान अंपायर की भूमिका राजेंद्र कुमार और जे.पी. सिंह द्वारा निभाई गई। ऑनलाइन स्कोरिंग अरमान द्वारा की गई। इससे पूर्व उद्घाटन मैच के मुख्य अतिथि क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ उत्तराखंड के उप सचिव नूर आलम ने खिलाड़ियों से परिचय कर एवं फीता काटकर किया। उन्होंने खिलाड़ियों से खेल भावना के साथ प्रतियोगिता में शिरकत करने का आह्वान किया। मौके पर गौरव तिवारी, आफताब आलम, बलवंत सिंह, इंद्र नीलकर, सुनील यादव, गुड्डू सहित तमाम खेल प्रेमी उपस्थित रहे।



# वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार

रुद्रपुर। कोतवाली रुद्रपुर पुलिस द्वारा चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत वांछित अभियुक्त निजामुद्दीन उर्फ नजमुद्दीन (50 वर्ष) पुत्र स्व. नवी जान, निवासी रम्पुरा बुजुर्ग, थाना खजुरिया, जिला रामपुर (उ.प्र.) को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के विरुद्ध मु0अ0सं0 576/2024, धारा 3(प)/5(प) उत्तराखण्ड धर्म स्वतंत्रता एवं अवैध धर्म संपरिवर्तन प्रतिषेध अधिनियम 2018 तथा 351(2)/118(1) भारतीय दंड संहिता के तहत मुकदमा पंजीकृत था। पुलिस ने बताया कि अभियुक्त को 25 दिसंबर को किच्छा बाईपास रोड से तकनीकी और मानवीय सुरागरसी के माध्यम से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त को नियमानुसार माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। गिरफ्तारी टीम चौकी प्रभारी रम्पुरा कवींद्र शर्मा, हेड कांस्टेबल राजकुमार रावत शामिल थे।



# कलयुगी पुत्र ने मां पर किया हमला,गंभीर

किच्छा। कोतवाली अंतर्गत वार्ड में घर से कहीं जा रहे पति एवं पुत्र से जाने का कारण पूछना महिला को महंगा पड़ गया। गुस्साए कलयुगी पुत्र ने कार से उतरकर लोहे के गेट को धक्का देकर मां को घायल कर दिया। पीड़िता द्वारा पुलिस को सूचना दिए जाने के बाद आरोपी पुत्र मौके से फरार हो गया। फिलहाल गंभीर हालत में महिला का इलाज चल रहा है। कोतवाली पुलिस को दी शिकायत में वार्ड नंबर 2 ग्राम आजाद नगर, किच्छा निवासी सावित्री खुराना पत्नी कर्म सिंह ने बताया कि 23 दिसंबर को लगभग 9 बजे उसका पति एवं पुत्र घर से बाहर जाने के लिए निकल रहे थे। पुत्र कार स्टार्ट कर रहा था। पीड़िता के अनुसार उसके द्वारा अपने पति एवं पुत्र दोनों से अचानक घर से बाहर जाने का कारण पूछने पर पुत्र गुस्से में आ गया। महिला ने बताया कि उसके पुत्र ने रोकने टोकने तथा प्रॉपर्टी के बीच में आने पर महिला को जान से मारने की धमकी दी और कार से उतरकर घर के गेट को लोहे के गेट को पीड़िता की तरफ जोर से धक्का दे दिया। घटना में लोहे का गेट लगने से पीड़िता के सिर एवं आंख पर गंभीर चोट लगने से पीडिता लहू लुहान हो गई। पीड़िता द्वारा डायल 112 पर तुरंत पुलिस को जानकारी देते हुए इलाज के लिए मदद मांगी गई। इसी बीच आरोपी पुत्र मौके से फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने महिला को इलाज के लिए सरकारी अस्पताल पहुंचाया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद महिला को हायर सेंटर रेफर कर दिया। महिला ने पुत्र विशाल पर पूर्व में भी मारपीट करने का आरोप लगाते हुए जान माल को खतरा बताते हुए सुरक्षा की गुहार लगाई है। फिलहाल पुलिस ने आरोपी पुत्र के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# भाविप ने दिव्यांग बच्चों को बांटे उपकरण व ट्रैकसूट


हल्द्वानी (उद संवाददाता)। भारत विकास परिषद शाखा हल्द्वानी द्वारा गुरुवार को एक दिव्यांग सहायता शिविर हिल्स व्यू कॉलोनी, कटघरिया स्थित दिव्यांग बच्चों की समर्पित संस्था सेवालय में लगाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत क्षेत्रीय वित्त सचिव राजेंद्र कुमार गुप्ता, प्रांतीय संयोजक रक्तदान भवानी शंकर नीरज, शाखा अध्यक्ष दीपक बख्शी, सचिव डॉ निधि अग्रवाल द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन कर किया गया तथा वंदे मातरम गान गाया गया। इसके पश्चात शिविर में उपस्थित 30 बच्चों में कुछ बच्चों को व्हीलचेयर, कुछ को वॉकर तथा सभी को ट्रैकसूट वितरित किए गए। इसके पश्चात बच्चों को जलपान कराया गया। कार्यक्रम का अंत राष्ट्रगान गीत से किया गया। इस मौके पर मुख्य रूप से जितेंद्र साहनी, डॉ अभिषेक मित्तल, महिला उपाध्यक्ष एकता अग्रवाल, कोषाध्यक्ष अमित अग्रवाल, डॉ अतुल राजपाल, सौरभ अग्रवाल, सीमा बक्शी, मीनू गुप्ता सुमन जैन, हेमा बिष्ट, नवीन जिंदल, प्रवीण अग्रवाल, सौरभ अग्रवाल, पूजा जिंदल आदि सदस्य उपस्थित रहे।



# वाजपेयी जी की जयंती पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित

गदरपुर। पूर्व प्रधानमंत्री और भारत रत्न श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी की 101वीं जयंती के अवसर पर गदरपुर स्थित भाजपा कार्यालय में श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर भाजपा के प्रदेश मंत्री गुंजन सुखीजा ने अटल जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रदेश मंत्री ने कहा कि अटल जी का व्यक्तित्व और कृतित्व सभी के लिए प्रेरणा का स्रोत है। उन्होंने अपना संपूर्ण जीवन राष्ट्र की सेवा और अंत्योदय के संकल्प को सिद्ध करने में समर्पित कर दिया। श्री सुखीजा ने कहा कि अटल जी द्वारा दिखाए गए सुशासन के मार्ग पर चलकर आज देश और प्रदेश निरंतर प्रगति कर रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि राजनीति में अटल जी द्वारा स्थापित शुचिता और मूल्य आज भी प्रासंगिक हैं। कार्यक्रम में उपस्थित भाजपा कार्यकर्ताओं ने अटल जी के सपनों का भारत बनाने और संगठन को मजबूती प्रदान करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष मनोज गुंबर, भाजपा मंडल अध्यक्ष सुरेश खुराना, सभासद अश्वनी कुमार और रमन छाबड़ा, महामंत्री अजय बठला, सुभाष गुंबर, संतोष गुप्ता सहित क्षेत्र के गणमान्य व्यक्ति और भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। भारत रत्न, श्रद्धेय श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी की जयंती के अवसर पर नगर पालिका कार्यालय में श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पालिकाध्यक्ष श्री मनोज गुंबर मिंटू ने अटल बिहारी वाजपेयी जी के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर नगर पालिका बोर्ड के सम्मानित सभासदों एवं नगर क्षेत्र के वरिष्ठ नागरिकों को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। पालिकाध्यक्ष ने अपने संबोधन में कहा कि अटल बिहारी वाजपेई जी का जीवन राष्ट्रसेवा, सुशासन और लोकतांत्रिक मूल्यों का प्रेरणास्रोत है। उनके विचार आज भी समाज और देश के मार्गदर्शन में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। कार्यक्रम के दौरान पालिकाध्यक्ष द्वारा वार्ड नंबर 6, आवास विकास स्थित पार्क का नाम "श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी पार्क" रखने की घोषणा की गई, जिसे उपस्थित जनसमूह ने हर्ष और सराहना के साथ स्वागत किया। इस मौके पर नगर पालिका के सभी वार्डों के सभासद एवं उनके प्रतिनिधि, वरिष्ठ नागरिक और गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन अटल बिहारी वाजपेयी के विचारों को अपने जीवन में आत्मसात करने और नगर के विकास हेतु संकल्प के साथ किया गया। वहीं भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष नरेश हुड़िया के कार्यालय पर पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी जी की पुण्यतिथि पर किसान मोर्चा के कार्यकर्ताओं द्वारा भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर नरेश हुड़िया ने कहा अटल बिहारी वाजपेयी राजनीति के युगपुरुष एवं असंख्य कार्यकर्ताओं के प्रेरणा स्रोत थे, जिनकी मेहनत से आज भारतीय जनता पार्टी सबसे बड़ी पार्टी बनी है आज हम सब कार्यकर्ता उन्हें नमन करते हैं इस अवसर पर किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष सुरजीत सिंह घुम्मन ,पूर्व पालिकाध्यक्ष अंजू भुडडी,चकित हुडिया, सुभाष गुंबर ,गुरदयाल सिंह, सुमित हुडिया,नवाब अल्वी, गुलशन शर्मा ,धर्मपाल हुडिया ,राजेश कुमार हुडिया, हिमांशु हुडिया, संदीप कंबोज, मनोज चौहान ,वीरेंद्र गगनेजा ,सुरेश धमीजा,सौरव बजाज, यश ठुकराल, राकेश भुसरी, अनिल गाबा ,हरीश अरोड़ा ,कृष्ण गुंबर आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।





# बहुआयामी था अटल बिहारी वाजपेई का व्यक्तित्व: शुक्ला

किच्छा(उद संवाददाता)। भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेई जी की 101वीं जयंती के अवसर पर किच्छा विधानसभा में आयोजित अटल स्मृति सम्मेलन का शुभारंभ मुख्य वक्ता साकेत अग्रवाल एवं पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने संयुक्त रूप से अटल जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर एवं दीप प्रज्वलित कर किया।सम्मेलन को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता साकेत अग्रवाल ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेई जी का व्यक्तित्व बहुआयामी था वे कुशल राजनेता, संवेदनशील कवि, प्रखर वक्ता और दृढ़ राष्ट्रनायक थे। उन्होंने अटल जी की वैचारिक यात्रा पर प्रकाश डालते हुए कहा कि विचारधारा में दृढ़ता और व्यवहार में उदारता ही अटल जी की सबसे बड़ी पहचान थी। अटल जी ने लोकतांत्रिक मूल्यों को सुदृढ़ करते हुए राजनीति को सेवा, संवाद और सहमति का माध्यम बनाया, जो आज भी देश के लिए प्रेरणास्रोत है।सम्मेलन को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने अपने संबोधन में कहा कि अटल बिहारी वाजपेई जी ने राष्ट्र निर्माण का जो "अटल मॉडल" देश को दिया, वह सुशासन, विकास और सामाजिक समरसता पर आधारित था। उन्होंने कहा कि अटल जी के नेतृत्व में सड़क, संचार, शिक्षा और रक्षा के क्षेत्र में ऐतिहासिक कार्य हुए, जिनकी नींव पर आज का भारत मजबूती से खड़ा है।पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने कहा कि अटल जी का सुशासन ही आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के विकसित भारत के संकल्प का आधार है। अटल बिहारी वाजपेई जी द्वारा उत्तराखंड के लिए घोषित विशेष औद्योगिक पैकेज राज्य के आर्थिक विकास में मील का पत्थर साबित हुआ। इस औद्योगिक पैकेज से राज्य में बड़े पैमाने पर उद्योगों की स्थापना हुई, रोजगार के नए अवसर सृजित हुए और उत्तराखंड को आर्थिक आत्मनिर्भरता की दिशा में मजबूत आधार मिला। इस दौरान कार्यक्रम संयोजक धर्मराज जायसवाल, मंडल अध्यक्ष गोल्डी गोराया, मयंक तिवारी, पिंकी डिमरी, जिला मीडिया प्रभारी विजय तोमर, मनमोहन सक्सेना, राजेश तिवारी, इफ्तिखार मियां, जिला अध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा हारून मलिक, जिला अध्यक्ष अनुसूचित मोर्चा राजेश कोली, सांसद प्रतिनिधि राकेश गुप्ता, कुलदीप बग्गा, मुकेश कोली, बिजेंद्र यादव, जितेंद्र गौतम, संदीप अरोड़ा, संजीव खन्ना, मूलचंद राठौर, नरेंद्र ठुकराल, भोपाल सिंह रावत, दया दसीला, कविता मान, महेंद्र पाल, राज गगनेजा, गफ्फार खान, अंकित पाठक, टीकम सिंह कोरंगा, प्रकाश पंत, कुलदीप बग्गा, सतीश गुप्ता, करुणा तिवारी, रेनू यादव, कुसुम गंगवार, प्रियंका, लता गंगवार, सुनीता गंगवार, रवीना गंगवार, नीतू सिंह, जशमीरी देवी, संगीता शर्मा, मधु गुप्ता, रजनी, ओम तनेजा, दीप नारायण यादव, गिरीश वर्मा, चूड़ामणि सागर, अमर खान, इफ्तिखार मियां, अमरनाथ कश्यप, देवेंद्र शर्मा, जितेंद्र गुप्ता, राकेश गुप्ता, धनीराम, दिलीप जीना, बाबू अल्वी, शैलजाकांत शंकर समेत विधानसभा क्षेत्र के सभी शक्ति केंद्र संयोजक, बूथ अध्यक्ष एवं पार्टी पदाधिकारी उपस्थित थे।



# प्रकाश पर्व पर प्रभातफेरी 28 से शुरू

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। श्री गुरूगोविन्द सिंह जी महाराज के प्रकाश पर्व को समर्पित प्रभात फेरियों का प्रारम्भ आगामी 28 दिसम्बर से होगा। जो आगामी 5 जनवरी तक जारी रहेगा। यह जानकारी देते हुए स्त्री सत्संग सभा की प्रधान बीबी परमजीत कौर पम्मी ने समस्त संगत से आग्रह किया कि वह परिवार सहित प्रकाशोत्सव पर निकलने वाली प्रभातफेरियों में शामिल होकर गुरूजी की महिमा का गुणगान करें और गुरूघर की खुशियां प्राप्त कर धर्म लाभ उठायें।

## पेज एक का शेष...

**साहिबजादों का बलिदान...**पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्रोत बना रहेगा।मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा साहिबजादों की शहादत को सम्मान देने के उद्देश्य से 26 दिसंबर को वीर बाल दिवस के रूप में मनाने की घोषणा, उनके सर्वोच्च बलिदान को सच्ची श्रद्धांजलि है। यह निर्णय साहिबजादों की शौर्यगाथा को देश ही नहीं, बल्कि विश्व पटल पर भी जीवंत बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि गुरु गोविंद सिंह जी के वीर साहिबजादों ने अत्यंत कठिन परिस्थितियों में भी अपने धर्म और मूल्यों से समझौता नहीं किया। उनका जीवन और बलिदान आज की युवा पीढ़ी को साहस, राष्ट्रभक्ति, नैतिकता और कर्तव्यनिष्ठा का संदेश देता है तथा हमें सत्य और न्याय के मार्ग पर अडिग रहने की प्रेरणा देता है।इस अवसर पर नैनीताल विधायक सरिता आर्या, उत्तराखंड सरकार में दायित्वधारी डॉ. अनिल कपूर डब्बू, नवीन वर्मा, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट, गुरु सिंह सभा के प्रधान सरदार जोगेंद्र सिंह आनंद, सचिव अमरप्रीत सिंह नोनू सहित संदीप सिंह, गुरुप्रीत सिंह, जीत सिंह आनंद, जगजीत सिंह, गगनदीप सिंह, जसमीत सिंह, सतनाम सिंह, हरनमन सिंह एवं अजीत सिंह उपस्थित रहे।कार्यक्रम में आयुक्त कुमाऊँ दीपक रावत, जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. मंजूनाथ टीसी सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारी भी मौजूद रहे। गुरुद्वारे में धार्मिक वातावरण एवं श्रद्धा का भाव व्याप्त रहा और सभी ने साहिबजादों के बलिदान को स्मरण करते हुए उनके आदर्शों को जीवन में अपनाने का संकल्प लिया।

**तेंदुए ने महिला...**की मांग की है। वन विभाग की टीम मौके पर पहुंचकर घटना की जांच और तेंदुए को पकड़ने के लिए कार्यवाही में जुटी हुई है। अधिकारियों का कहना है कि वे इलाके में पेट्रोलिंग बढ़ाएंगे और स्थानीय लोगों को सुरक्षित मार्ग व चेतावनी जारी की जाएगी।

**मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह..**के महासचिव सरदार जगमीत सिंह काहलों इस कार्यक्रम में वशिष्ठ अतिथि होंगे । कार्यक्रम संयोजक अध्यक्ष उत्तराखंड सिक्ख कोआर्डिनेशन कमेटी सरदार गुरदीप सिंह सहोता ने बताया कि श्री गुरु तेग बहादुर जी की शहादत को नमन करने के लिए क्षेत्र के आमजन भारी संख्या में आएं और निवेदन करते हैं कि कार्यक्रम को सफलता के लिए समय पर पहुंच कर अपना योगदान प्रदान करें । प्रेस वार्ता में आयोजकों ने बताया कि कार्यक्रम में समाज के प्रबुद्ध नागरिक परिवार सहित युवा बढ़ चढ़ कर इस कार्यक्रम में प्रतिभाग करेंगे। प्रेस वार्ता में शामिल थे पूर्व पार्षद गुरदीप गाबा, कवल जीत सिंह, रंजीत सिंह चावला,अजीत पाल सिंह,प्रितपाल सिंह, अमनजीत सिंह, सर्वजाट सिंह, हरविंदर सिंह, दमन प्रीत सिंह,मनप्रीत सिंह,गुरुवार सिंह आदि मौजूद रहे।

**चार साहिबजादों का...**7 वर्षीय फतेह सिंह और 9 वर्षीय जोरावर सिंह को मुगल शासकों ने जिंदा दीवार में चिनवा दिया था। चारों भाईयों का यह बलिदान हमेशा देशवासियों को यह याद दिलाता रहेगा कि धर्म और देश की रक्षा हमेशा सर्वोपरि है। उन्होंने कहा कि मुगल शासको ने बाबा फतेह सिंह और जोरावर सिंह का सिर झुकाने के लिए जेल का दरवाजा भी छोटा रखा था परंतु दोनों भाई बिना सिर झुकाये दरवाजे से गुजरे। ऐसे वीर सपूतों के बलिदान के कारण ही मुगल शासको को देश छोड़कर भागने पर मजबूर होना पड़ा। उन्होंने कहा कि आज प्रदर्शित चित्र प्रदर्शनी में चारों साहिबजादों के बलिदान का इतिहास आंखों के सामने आ गया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने चारों साहिबजादों के धर्म और देश के लिए किये बलिदान का सन्देश जन जन तक पहुंचाने के लिए आज के दिवस को देश में वीर बाल दिवस को रूप में मनाने का निर्णय लिया। विधायक शिव अरोरा ने कहा कि चारों साहिबजादों का बलिदान हमें धर्म और देश की रक्षा करने के लिए प्रेरणा देता है और अत्याचार के विरूद्ध संघर्ष करने की ताकत देता है। उन्होंने कहा कि वीर बाल दिवस केवल स्मरण का दिन नहीं, बल्कि राष्ट्र के प्रति कर्तव्य, धर्म और सत्य के लिए खड़े रहने की प्रेरणा देने वाला दिवस है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा इस दिवस को राष्ट्रीय स्तर पर मनाने का निर्णय आने वाली पीढ़ियों को इतिहास से जोड़ने का सशक्त माध्यम है। कार्यक्रम का उद्देश्य सिख इतिहास के अमर बलिदानी चार साहिबजादों के अद्वितीय साहस, शौर्य और राष्ट्रधर्म के प्रति उनके सर्वोच्च बलिदान को स्मरण करना रहा। इस मौके पर जिलाध्यक्ष कमल जिंदल, महापौर विकास शर्मा, दर्जा राज्य मंत्री उत्तम दत्ता, कार्यक्रम संयोजक हरविन्दर सिंह चुघ, तरूण दत्ता सहित दशमेश नगर गुरूद्वारा कमेटी के समस्त पदाधिकारी व सदस्यगण और भाजपा के कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद थे। सभी ने चार साहिबजादों के चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन किया और उनके आदर्शों को आत्मसात करने का आह्वान किया।

**मार्निंग वाक पर निकले...**को पार्किंग और बेहतर यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करने, तथा अत्यधिक ट्रैफिक की स्थिति में वैकल्पिक रूट तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी पर्यटक और स्थानीय लोग सुरक्षित और सुविधाजनक वातावरण में यात्रा कर सकें। मॉर्निंग वॉक के दौरान मुख्यमंत्री ने स्थानीय लोगों से मुलाकात की और सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के फीडबैक लिया। इस दौरान अधिकारियों के साथ स्थानीय पुलिस, यातायात विभाग और प्रशासनिक अधिकारी भी मौजूद रहे।

**आवारा जानवर से ...**ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मामले की सूचना मिलने पर पुलिस ने मृतक अनुपम के शव को अपने कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। घटना से परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक अनुपम दो भाईयों व दो बहनों में सबसे छोटा था। भाई बहनों का विवाह हो चुका है। पिता दीपक किसान हैं।

**दुकान से सोने...**अभियुक्त के विरुद्ध पूर्व में थाना शीशगढ़ एवं थाना ट्रांजिट कैंप में भी आपराधिक मामले दर्ज हैं। गिरफ्तारी टीम में उप निरीक्षक जितेंद्र सिंह खत्री, अपर उप निरीक्षक अमित कुमार, कांस्टेबल हरीश रावत शामिल रहे।


**उत्तराखण्ड पॉवर कारपारेशन लि.**

**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता**

**विद्युत वितरण खण्ड- किच्छा ( ऊधमसिंह नगर )-263148**

ई-मेल :- eddkichha@gmail.com

**विद्युत बाधित सूचना**

विद्युत वितरण खण्ड किच्छा के अधीन सम्बन्धित 33/11 के0 वी0 उपसंस्थान किच्छा में अनुबन्ध सं0 1351 एवं 1352/C (C&P-1)/41/2023-24/Package K-RDSS-EDC RDR/ Rajshayama/Supply And Erection Date 14-08-2024 के तहत के परियोजना के अन्तर्गत कार्य होना प्रस्तावित है। सारणी अनुसार निम्नलिखित तिथि को विद्युत आपूर्ति पूर्णतः / आंशिक रूप से बाधित रहेगी।

अतः आपसे अनुरोध है कि विभाग को सहयोग करने की कृपा करें व उक्त समयावधि में वैकल्पिक व्यवस्था भी करने का कष्ट करें तथा इन्वर्टर व जनरेटर को चलाते समय ग्रिड लाईन से अलग करके ही चलाये जिससे बैंक फिडिंग के कारण किसी भी अप्रिय घटना से बचाव हो सके।

| क्र. सं. | उपसंस्थान का नाम | प्रभावित पोषक | प्रभावित क्षेत्र | तिथि | समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 33/11 के0वी0 उपसंस्थान, किच्छा | टाउन प्रथम<br>टाउन द्वितीय<br>सिरोली<br>बहेड़ी<br>एस0ई0आर0एल0<br>इण्डस्ट्रीयल<br>यादव फूडस<br>शुगर फैक्ट्री | सम्बन्धित पोषक के क्षेत्रान्तर्गत समस्त पोषित होने वाले नगरीय, ग्रामीण एवं औद्योगिक पोषक | 28.12.2025 | प्रातः 09:00 बजे से सांय 04.00 बजे तक |

Customer Care Toll Free No- 1912

"Pay Electricity Bill online 24x7 from www.upcl.org"

**राष्ट्रहित में बिजली बचायें।**

पत्रांक: 2906 /वि0वि0ख0-(कि0)दिनांक: 26.12.2025

**अधिशासी अभियन्ता**



संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा

स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर ( उत्तराखण्ड )से मुद्रित एवं प्रकाशित

सम्पादक- परमपाल सुखीजा

आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।

E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in

फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# राजनीतिक रसूख के आगे प्रशासन बेबस, काशीपुर में पुन: पनप रहा गुण्डा राज

## पूर्व पालिकाध्यक्ष शमसुद्दीन ने लगाये गंभीर आरोप



काशीपुर(उद संवाददाता)। प्रतापपुर पुलिस चौकी क्षेत्र में स्थित एक विवादास्पद भूमि का मामला पुलिसिया कार्रवाई न होने के कारण और गहराता चला जा रहा है। बीते दिवस एक होटल के सभागार में पत्रकारों से बातचीत करते हुए पूर्व पालिकाध्यक्ष शमसुद्दीन ने आरोपी के खिलाफ कार्यवाही न होने पर पुलिस की कार्यशैली पर सवाल खड़े किए। उन्होंने कहा कि काशीपुर में बेलगाम भूमाफिया लगातार अवैध कब्जे को अंजाम दे रहे हैं समय रहते यदि कानून के हांथ उनकी गर्दन तक नहीं पहुंचे तो पौराणिक शहर में एक बार फिर से गुंडाराज कायम होने से इनकार नहीं किया जा सकेगा। जानकारी के मुताबिक लगभग ढाई वर्ष पूर्व काशीपुर के पूर्व पालिकाध्यक्ष शमसुद्दीन ने रामनगर रोड पर प्रतापपुर पुलिस चौकी क्षेत्र में खालसा ढाबे के सामने खसरा नंबर 181 ग्राम चांदपुर में एक भूमि का सौदा किया। लगभग 6 माह बाद इस भूमि पर उन्होंने बाउंड्री करा दी। शमसुद्दीन ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि बीते 17 दिसंबर की तड़के लगभग 3:00 बजे मोहल्ला काजी बाग खन्ना अस्पताल के समीप निवासी शक्ति अग्रवाल पुत्र मूल प्रकाश अपने साथ लगभग 200 लोगों को लेकर तीन जेसीबी दो डंपर व ट्रैक्टर ट्राली के साथ मौके पर पहुंचे और दबंगई पूर्वक उनके जमीन की सरहद में बनी बाउंड्री को ध्वस्त करते हुए मलवे तक को मौके से हटा दिया। शिकायतकर्ता का आरोप है कि जब उनके द्वारा विरोध किया गया तो आरोपी द्वारा राजनैतिक पहुंच का हवाला देते हुए उन्हें जान से मारने की धमकी दी गई। पूर्व पालिकाध्यक्ष ने साफ किया कि उनका फ्रंट से कोई वास्ता ना होने के बावजूद अवैध कब्जे का यह स्पष्ट मामला है। उन्होंने कहा कि यदि निर्माण को लेकर कोई एतराज था तो आरोपी पक्ष द्वारा अब से पूर्व किसी प्रकार का कोई विरोध क्यों नहीं किया गया। उन्होंने यह भी कहा कि यदि आरोपी पक्ष अपनी जगह सही है तो उसे रात के तीसरे प्रहर लाव लश्कर के साथ मौके पर जाने की क्या जरूरत थी उसने इस मामले में प्रशासन अथवा राजस्व की टीम का सहारा क्यों नहीं लिया?। जानकारी के मुताबिक विवादास्पद भूमि का मामला लगभग दो माह पूर्व से ही गरमाया हुआ है। आरोप है कि बीते 11 अक्टूबर को जमीन पर कब्जे और तोड़फोड़ को लेकर तैयारी कर ली गई थी लेकिन दूसरे पक्ष के विरोध करने पर आरोपियों के मंसूबों पर पानी फिर गया। इसी वक्त यदि प्रशासन ने उक्त घटना का गंभीरता से संज्ञान ले लिया होता तो शायद हालात इस कदर तनावपूर्ण नहीं हुए होते। फिलहाल इस पूरे प्रकरण में तमाम ऐसे सवाल भी चर्चा का विषय बने हैं जिनका अब तक कोई माकूल जवाब सामने नहीं आया।

### एसडीएम कार्यालय में दी गई थी गोली मारने की धमकी

काशीपुर। पूर्व पालिका अध्यक्ष शमसुद्दीन ने पत्रकार वार्ता के दौरान कहा कि उपजे भूमि विवाद को निपटाने के लिए बीते 7 दिसंबर को परगना मजिस्ट्रेट (एसडीएम) कार्यालय में बैठक बुलाई गई। पालिकाध्यक्ष का आरोप है कि आरोपी पक्ष के शक्ति अग्रवाल ने उप जिलाधिकारी की मौजूदगी में मामला न निपटने पर गोली मारने की धमकी दी थी। इस बैठक में तहसीलदार के अलावा एडवोकेट मोहम्मद अशरफ, शकील सिद्दीकी, अवनीश डाबर, सुनील छाबड़ा और आरिफ भी मौजूद थे। अब यहां सवाल यह उठता है कि धमकी के छोटे-छोटे मामलों में पुलिस जेल भेजने अथवा मुकदमा दर्ज करने की बात करती है और एसडीएम कार्यालय के मजिस्ट्रेट के समक्ष एक व्यक्ति द्वारा सार्वजनिक रूप से गोली मारने की धमकी दी गई लेकिन कार्यवाही के नाम पर प्रशासन आज तक आरोपी का बाल बांका नहीं कर सका।

### एसएसपी ने भी दिया था कार्यवाही का आश्वासन

काशीपुर। बसपा के लोकसभा प्रभारी व पूर्व पालिकाध्यक्ष शमशुद्दीन ने पत्रकार वार्ता के दौरान बताया कि घटना के तत्काल बाद मामले की लिखित तहरीर कोतवाली पुलिस को दी गई। यह मामला सीओ के संज्ञान में है। इसके अलावा पीड़ित पक्ष ने रुद्रपुर पहुंचकर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मणिकांत मिश्र से भी आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की। एसएसपी ने उन्हें आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही को लेकर आश्वस्त भी कराया था लेकिन घटना के 10 दिन बाद भी प्रशासन पूरे प्रकरण को लेकर नीम चुप्पी साधे है।

# गदरपुर नगर पालिका पर लगे भ्रष्टाचार के आरोप

## सफाई का टेंडर बना विवाद का केंद्र, सभासद ने उठाए गंभीर सवाल

गदरपुर। पालिका क्षेत्र में डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन करने के सफाई व्यवस्था के ठेके को लेकर नगर पालिका परिषद गदरपुर एक बार फिर से चर्चाओं में आ गई है। सभासद और नगरवासियों ने पालिकाध्यक्ष पर सफाई के ठेके की आड़ में बड़े पैमाने पर अनियमितताओं और मोटे गोलमाल का आरोप लगाते हुए पूरी टेंडर प्रक्रिया को तत्काल निरस्त करने की मांग की है। इस मुद्दे को लेकर नगर पालिका की कार्यप्रणाली पर गंभीर प्रश्नचिह्न खड़े हो गए हैं। सभासद का कहना है कि टेंडर प्रक्रिया में पारदर्शिता नहीं अपनाई गई है और साथ ही इसमें नियमों की भी भारी अनदेखी की गई है। आरोप लगाया गया कि अपने खास चहेते की फर्म को लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से ठेके की शर्तों को इस तरह तैयार किया गया है, जिससे प्रतिस्पर्धा सीमित हो जाए। इससे नगर की सफाई व्यवस्था के नाम पर जनता के धन के दुरुपयोग की आशंका जताई जा रही है। विवाद को और हवा तब मिली जब सभासद ने नगर पालिका अध्यक्ष मनोज कुमार मिंटू के पुराने रुख की याद दिलाई। उनका कहना है कि पिछले बोर्ड के कार्यकाल में जब मनोज कुमार मिंटू स्वयं सभासद थे और गुलाम गौस नगर पालिका के अध्यक्ष के रूप में कार्य कर रहे थे तब मनोज गुम्बर जो वर्तमान में पालिकाध्यक्ष के रूप में अपनी जिम्मेवारियों का निर्वहन कर रहे हैं ने इसी प्रकार की सफाई टेंडर प्रक्रिया को लेकर अपना विरोध प्रकट करते हुए धरना-प्रदर्शन किया था और इसके विरुद्ध मांग उठाई थी। आज जब वह स्वयं पालिका अध्यक्ष पद पर आसीन हैं पूर्व पालिकाध्यक्ष द्वार प्रारम्भ की गई प्रक्रिया अपना रहे हैं। जिससे उनकी कार्यप्रणाली पर सवाल उठना स्वाभाविक है। यदि उस समय सफाई टेंडर की प्रक्रिया में गोलमाल होने के आरोप लगाये गये थे तो आज वही प्रक्रिया नियमों के अनुरूप कैसे हो गई? इसका जवाब पालिकाध्यक्ष को सभी जनप्रतिनिधियों के साथ ही नगरवासियों को देना होगा। सभासद ने चेतावनी दी है कि यदि टेंडर प्रक्रिया को निरस्त नहीं कराया गया, तो वे भी उसे प्रकार आंदोलन के लिए मजबूर होंगे जिस प्रकार से पूर्व में सभासद रहते वर्तमान पालिकाध्यक्ष ने धरना प्रदर्शन किया था। वहीं नगर के नागरिक भी इस पूरे प्रकरण पर नजर बनाए हुए हैं, क्योंकि सफाई व्यवस्था सीधे तौर पर जनस्वास्थ्य से जुड़ा मुद्दा है। यदि समय रहते नगर पालिका क्षेत्र की डोर टू डोर सफाई व्यवस्था का टेंडर स्वीकृत होकर धरातल पर नहीं उतरा तो निश्चित रूप से नगर की सफाई व्यवस्था प्रभावित होगी और इसका सीधा प्रभाव नगरवासियों के स्वास्थ्य पर पड़ेगा। सभासद का कहना है कि इस पूरे प्रकरण को उन्होंने प्रशासन के संज्ञान में दे दिया है। नगरवासियों के खून पसीने की कमाई का वह घोटालों के नाम पर दुरूपयोग नहीं होने देंगे। फिलहाल नगर पालिका परिषद में यह मामला चर्चा का केंद्र बना हुआ है और सभी की निगाहें प्रशासन के अगले कदम पर टिकी हैं कि क्या आरोपों की जांच कर टेंडर प्रक्रिया पर कोई ठोस निर्णय लिया जाएगा या नहीं।




# चार साहबजादों के शहीदी दिवस पर विशाल भंडारे का आयोजन

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। चार साहबजादों के शहीदी दिवस के अवसर पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। युवा पंजाबी सभा के प्रदेश अध्यक्ष और समाजसेवी भारत भूषण चुघ के नेतृत्व में अग्रसेन चौक पर प्रात: चार साहबजादों को नमन करते हुए भंडारे का आयोजन किया गया ।जहां सैकड़ो लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। इससे पूर्व गुरुद्वारा साहब के ग्रंथी ने शबद पाठ किया जिसमें सभी ने सहभागिता की। चुघ ने कहा कि गुरु गोविंद सिंह जी के चार पुत्र अजीत सिंह, जुझार सिंह, जोरावर सिंह और फतेह सिंह थे ।जिन्होंने धर्म और न्याय के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया था। उन्होंने कहा कि वर्ष 1704 में मुगलों के खिलाफ लड़ाई लड़ते हुए उन्होंने अपनी शहादत दी। अजीत सिंह और जुझार सिंह चमकौर के युद्ध में शहीद हो गए थे ।जबकि जोरावर सिंह और फतेह सिंह को इस्लाम कबूल ना करने पर सरहिंद के नवाब ने दीवार में जिंदा चुनवा दिया था। सिख इतिहास में साहस और विश्वास का यह सबसे बड़ा बलिदान कहा गया है और 26 दिसंबर को भी उनकी याद में वीर बाल दिवस मनाया जाता है। चुघ ने कहा कि चारों साहबजादों ने बचपन से ही सिख धर्म की शिक्षा और साहस के मूल्यों को आत्मसात कर देश की रक्षा और धर्म के खातिर अपना बलिदान दिया जिसे आज की युवा पीढ़ी को स्मरण करना चाहिए। वरिष्ठ भाजपा नेता चुघ ने कहा कि वीर बाल दिवस पर केंद्र और राज्य सरकार देशभर में चार साहबजादे की स्मृति में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर रही है जहां गुरु घर में गुरु की महिमा का बखान किया जा रहा है। वहीं जगह-जगह विशाल भंडारे और लंगर का भी आयोजन हो रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार समाज के सभी वर्गों और धर्म का सम्मान करती है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में देश और राज्य प्रगति के पथ पर अग्रसर है और देशभर के कार्यकर्ता आज वीर बाल दिवस को पूरी श्रद्धा और धार्मिक भावनाओं के साथ मना रहे हैं।चार साहबजादों की याद में अग्रसेन चौक पर विशाल भंडारा लगाया गया जहां सैकड़ो लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान पूर्व दर्जा राज्य मंत्री सुरेश परिहार, पूर्व मेयर रामपाल सिंह, प्रीती धीर, तरुण चुघ, मनीष चुघ, चंद्र प्रकाश चुघ, नमन चुघ,नयन चुघ, अक्षय गाबा, शिवकुमार शिबू, मनोज गुप्ता, संजीव गुप्ता ,कमल सोनकर, बलजीत सिंह गाबा ,अजीत पाल सिंह, लवी नरूला ,मनीष शुक्ला, अमित गौड, पूरन पांडे, ममता जीना,अरविंदर सिंह चीमा,पारस चुघ, संदीप कुमार गोयल ,बंटी विर्क ,कमल देओल ,सनी सिंह, संदीप सिंह ,कशिश सक्सेना ,सोनू सिंह ,सेवक सिंह, अजय मिश्रा ,सोनू शर्मा,गौरव तागरा ,मनजीत सिंह, रवि कालड़ा सहित तमाम लोग मौजूद थे।





# वैश्य महिलाओं ने किया तुलसी माता व ठाकुर जी का पूजन

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। वैश्य महिला समिति द्वारा बेरी पड़ाव स्थित लक्ष्मी मंदिर में तुलसी दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर लक्ष्मी मंदिर में तुलसी माता और ठाकुर जी का पूजन किया गया तथा छप्पन भोग लगाया गया। तत्पश्चात भजन कीर्तन व तुलसी माता और ठाकुर जी की महाआरती की गई। वैश्य महिला समिति के पदाधिकारीयों द्वारा इस अवसर पर मंदिर के महंत को भी शॉल पहनाकर उनका सम्मान किया गया। वैश्य महिला समिति की अध्यक्ष मंजू वार्ष्णेय ने कहा कि 25 दिसंबर को तुलसी दिवस के रूप में मनाना चाहिए और अपने बच्चों को भी इसके बारे में जानकारी देनी चाहिए। जिसके द्वारा हमारी भावी पीढ़ी को सनातन धर्म के बारे में जानकारी प्राप्त हो। वे सनातन धर्म के प्रति जागरूक हों और सनातन धर्म की संस्कृति को अपनायें। तुलसी पूजन के इस कार्यक्रम में वैश्य महासभा के अध्यक्ष रामबाबू जयसवाल, महिला समिति अध्यक्ष मंजू वार्ष्णेय, रीता जयसवाल, कोषाध्यक्ष मनोरमा खंडेलवाल, महामंत्री स्नेह लता गुप्ता, मीडिया प्रभारी रश्मि गुप्ता, अन्नपूर्णा गुप्ता, पूनम केसरवानी, ज्योति देवल मंत्री, प्रियंका जायसवाल, खुशबू गुप्ता, पूनम केसरवानी, रश्मि गुप्ता, नीता वार्ष्णेय, सविता केडिया, मंजू अग्रवाल, पूजा केसरवानी, दुर्गेश वार्ष्णेय, आरती अग्रवाल, अनीता जयसवाल, पूनम वार्ष्णेय, कंचन वार्ष्णेय, शशि साहू, पूजा साहू, वंदना साहू, रेनू टंडन, कोमल गर्ग, अंजली गुप्ता, बीना महेश्वरी, अंजुला गुप्ता, सोनी गुप्ता, अनीता गुप्ता सहित महिला समिति की सभी पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित थीं।

